हिन्दी दैनिक

# तीसरा विकल्प न्यूज़

UPHIN50812

(लखनऊ से प्रकाशित)

वर्षः- 01, अंकः-312, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.

लखनऊ, मंगलवार 30 अप्रैल 2024



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैराबाद में मासिक समीक्षा...02

आहिद अदनान ने पौधा रोपकर दी सीख-पेड़ बचेगा तब तो हम...06

## देश को मजबूर नहीं, मजबूत नेता चाहिए जो बड़े और कड़े फैसले ले सके



**झंझारपुर/बेगूसराय, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने आज कहा कि देश को मजबूर नहीं बल्कि मजबूत नेता चाहिए, जो बड़े और कड़े फैसले ले सके। श्री शाह ने सोमवार को बिहार के झंझारपुर और बेगूसराय में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश को मजबूर नहीं बल्कि मजबूत नेता चाहिए जो बड़े और कड़े फैसले ले सके। वह नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही दे सकते हैं जबकि विरोधियों के पास कोई चेहरा नहीं है। उन्होंने कहा, ये एक एक साल के प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं । एक साल शरद पवार, एक साल लालू, एक साल स्टालिन, एक साल अखिलेश जो कुछ बचा हुआ।

# शिव की आराधना के बाद राजनाथ ने शुरू किया रोड शो








**तीसरा विकल्प न्यूज़**
**संवाददाता लखनऊ**

**लखनऊ।** रक्षामंत्री व लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह ने सोमवार को नामांकन दाखिल कर दिया। यह लगातार तीसरी बार है जब उन्हें लखनऊ सीट से प्रत्याशी बनाया गया है।अगर वह जीतते हैं तो इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने में कामयाब रहेंगे। नामांकन के लिए आयोजित रोड शो के पहले उन्होंने शहर के हनुमान सेतु मंदिर में दर्शन-पूजन किया। उन्होंने भगवान शिव पर जलाभिषेक किया और फिर हनुमान जी से आशीर्वाद प्राप्त कर रोड शो शुरू किया। रोड शो में उनके समर्थकों में जबरदस्त उत्साह नजर आया और वो जीत के लिए आश्वस्त दिखाई दिए। लखनऊ लोकसभा सीट भाजपा के लिए सुरक्षित सीट मानी जाती है। राजनाथ सिंह के रोड शो में समर्थकों की भारी भीड़ नजर आई। भाजपा के नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में रोड शो में शामिल हुए। खुद रक्षामंत्री भी समर्थकों की मौजूदगी से बेहद उत्साहित नजर आए और अपनी जीत के प्रति आश्वस्त दिखे। हनुमान सेतु मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह। उन्होंने हनुमान जी से भी आशीर्वाद प्राप्त किया। रक्षामंत्री के रोड शो में अलग-अलग मंदिरों के पुजारी भी शामिल हुए और उन्हें जीत के लिए आशीर्वाद दिया। रोड शो के दौरान एंबुलेंस को सुरक्षित रास्ता दे दिया गया। हालांकि, इस दौरान भारी भीड़ होने से हजरतगंज, कैसरबाग और कैंट में जाम लग गया। केडी सिंह बाबू मेट्रो स्टेशन के पास जाम लग गया। हजरतगंज की तरफ वाहनों को नहीं जाने दिया गया। बेरिकेटिंग लगा दी गई है।

## लखनऊ से प्रत्याशी राजनाथ ने नामांकन दाखिल किया, योगी रहे मौजूद



**लखनऊ।** लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह ने सोमवार को नामांकन दाखिल कर दिया। इस सीट पर वह 2014 और 2019 में भारी जीत हासिल कर चुके हैं। उन्हें लगातार तीसरी बार लखनऊ लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। नामांकन के मौके पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित कई नेता मौजूद रहे। नामांकन के लिए राजनाथ सिंह का रोड शो लखनऊ के भाजपा कार्यालय से शुरू हुआ और वह सैकड़ों की संख्या में अपने कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता बेहद उत्साहित रहे और तीसरी बार उनकी जीत के प्रति आश्वस्त नजर आए। राजनाथ सिंह के साथ ही मोहनलालगंज सीट से प्रत्याशी कौशल किशोर ने भी नामांकन दाखिल किया। नामांकन के लिए निकलने से पहले राजनाथ सिंह ने लखनऊ के हनुमान सेतु मंदिर में पूजा की। उन्होंने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और हनुमान मंदिर में दर्शन किए। लखनऊ में सोमवार सुबह से ही पार्टी कार्यालय के बाहर समर्थकों का हुजूम देखने को मिला। ढोल नगाड़े के साथ लोग जुलूस में शामिल होने के लिए उत्साहित नजर आए।

**मुख्यमंत्री योगी का राहुल पर हमला, बोले**

## खुद को एक्सीडेंटल हिंदू कहने वालों का भारत के इतिहास पर बोलना हास्यास्पद



**लखनऊ, संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा अपने वक्तव्यों के माध्यम से चर्चा में बने रहने के आदि हैं। जिन्हें भारत के इतिहास और भूगोल की जानकारी नहीं है, वो इस प्रकार की अनर्गल टिप्पणी ही करेंगे...जिन लोगों ने अपने आपको एक्सीडेंटल हिंदू कहा है, वे भारत के इतिहास के बारे में चर्चा करेंगे तो यह हास्यास्पद ही होगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत की एक समृद्ध परंपरा रही है... मुझे आश्चर्य इस बात का होता है कि राहुल गांधी बोलते समय उन राजाओं के योगदान को क्यों भूल गए, जिन्होंने भारत को बनाने में योगदान दिया...जिन्होंने हिंदुस्तान का इस्लामीकरण करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी, जिन लोगों ने अत्याचार की सभी सीमाओं को लांघ डाला था, राहुल गांधी को इसके बारे में भी चर्चा करनी चाहिए...।

### संक्षिप्त समाचार

## संविधान बदलने की झूठी अफवाह फैला रही है कांग्रेस

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस पर भाजपा के खिलाफ संविधान बदलने की झूठी अफवाह फैलाने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान में सबसे ज्यादा परिवर्तन कांग्रेस ने किये तथा दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों के आरक्षण को नुकसान पहुंचाया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद बृजलाल ने यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस द्वारा भाजपा के खिलाफ झूठे अफवाह फ़ैलाने के मामले का पर्दाफाश करते हुए कहा कि कांग्रेस ने संविधान में सबसे ज्यादा बदलाव किया है और अब वही भाजपा के खिलाफ संविधान बदलने की झूठी अफवाह फैला रही है। श्री बृजलाल ने कहा कि कांग्रेस देश की जनता के बीच एक झूठा नैरेटिव बनाने की कोशिश कर रही है, जिसमें कहा जा रहा है।

## केजरीवाल को अपनी नहीं, बल्कि दो करोड़ दिल्लीवासियों की चिंता : आप

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि जेल में भी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपनी नहीं, बल्कि दो करोड़ दिल्लीवासियों की चिंता है। आप की नेता एवं दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी सिंह ने सोमवार को तिहाड़ जेल में श्री केजरीवाल से हुई मुलाक़ात को साझा करते हुए कहा कि जेल में भी उन्हें अपनी नहीं, बल्कि दो करोड़ दिल्लीवासियों की चिंता है। उन्होंने बताया कि जेल में मुलाक़ात के दौरान पूरे समय मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों की पढ़ाई और मोहल्ला क्लीनिकों के बारे में जानकारी लिया। उन्होंने बताया कि मुलाक़ात के दौरान श्री केजरीवाल ने उन्हें बतौर जल मंत्री निर्देश दिया कि गर्मियों में दिल्ली में पानी की कमी न हो और जनता को किसी समस्या का सामना न करना पड़े।

## बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला, सीबीआई जांच पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**कोर्ट ने पूछा- क्या 25 हजार नियुक्तियों में से सही-गलत को अलग किया जा सकता है**



**कोलकाता, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में सरकारी अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई जांच पर रोक लगा दी। कोर्ट ने पूछा है कि क्या 25 हजार नियुक्तियों में से सही तरीके से किए गए टीचर्स के अपॉइंटमेंट को अलग किया जा सकता है? सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई 6 मई को करेगा। याचिका में कहा गया था कि हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी जाए, जिसमें सभी नियुक्तियों को रद्द कर दिया गया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि देखिए इसे किस तरह से किया गया है। ओएमआर शीट को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। जो लोग पैनल में नहीं थे, उन्हें रिक्रूट किया गया। यह फ्रॉड है। वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने हाईकोर्ट के फैसले पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सभी नियुक्तियों को खारिज कर दिया गया है, जबकि सीबीआई को अब तक जांच में सिर्फ 8००० नियुक्तियों में खामियां मिली हैं। स्कूल सर्विस कमीशन ने भी कहा कि जो नियुक्तियां सही तरह से हो सकती थीं, उन्हें अलग किया जा सकता था। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 22 अप्रैल को 2016 में की गई 25 हजार 753 नियुक्तियों को रद्द कर दिया था।? हाईकोर्ट ने इन शिक्षकों को 7-8 साल के दौरान मिली सैलरी 12 प्रतिशत इंटरेस्ट के साथ लौटाने के निर्देश भी दिए हैं। इसके लिए कोर्ट ने 6 हफ्ते का समय दिया है। पश्चिम बंगाल सरकार ने 2016 में स्टेट लेवल सेलेक्शन टेस्ट-2016 (एसअलसीटी) के जरिए सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ भर्ती किया था। तब 24,64० रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक लोगों ने भर्ती परीक्षा दी थी। इस भर्ती में 5 से 15 लाख रुपए तक की घूस लेने का आरोप है। मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट को कई शिकायतें मिली थीं। भर्ती में अनियमितताओं के मामले में सीबीआई ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी और एसएससी के कुछ अधिकारियों को गिरफ्तार किया था। अर्पिता पेशे से मॉडल थीं।

## प्रधानमंत्री मोदी बोले, विपक्ष बौखलाया, इसलिए झूठ फैला रहा

**आज बाबा साहेब भी आरक्षण खत्म नहीं कर सकते, मोदी तो बहुत दूर की बात है**



**बेंगलुरु/मुंबई, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोमवार 29 अप्रैल को चार सभाएं हैं। सबसे पहले वे कर्नाटक के बागलकोट पहुंचे। इसके बाद महाराष्ट्र के सोलापुर और सातारा गए। सोलापुर में पीएम ने कहा- विपक्ष (कांग्रेस, इंडी गठबंधन) बौखलाया हुआ है, इसलिए झूठ फैला रहा है। आज बाबा साहेब अंबेडकर भी चाहकर आरक्षण खत्म नहीं कर सकते, मोदी तो बहुत दूर की बात है। बागलकोट में मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक को भी अपनी लूट का एटीएम बना लिया है। इतने कम समय में ही इन लोगों ने कर्नाटक का सरकारी खजाना खाली कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा- आज ये लोग एक झटके में गरीबी हटाने का दावा करते हैं, लेकिन इनकी 6० साल की सरकार, इनकी कई पीढ़ियों का काम गवाह है कि वंचित वर्ग के लिए इनकी मानसिकता क्या रही है? उनके दुख, उनकी तकलीफ से कांग्रेस और उनके साथियों को कोई वास्ता नहीं था। मोदी आज पुणे में भी जनसभाएं करेंगे। इससे पहले मोदी ने 28 अप्रैल (रविवार) को भी कर्नाटक के बेलगावी, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे और बेल्लारी में चार सभाएं की थीं। कांग्रेस की पहचान उनके पापों के कारण बनी है। उन्होंने कर्नाटक का सरकारी खजाना खाली कर दिया है। विधायकों को विकास निधि का पैसा नहीं मिल रहा है। वो दिन दूर नहीं जब यहां की सरकार अपने अधिकारियों को पेमेंट नहीं दे पाएगी। आपके बचे भूखे मर जाएंगे। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार नहीं चला रही। वह वसूली गैंग चला रही है। कांग्रेस के नेता अपनी तिजोरी भरना चाहते हैं। हमारे बेंगलुरु ने देश का नाम ऊंचा किया है, लेकिन कांग्रेस ने इसे टैंकर हब बना दिया है। हुबली में हमारी एक बेटी के साथ बहुत गलत हुआ। उसे चाकू मारा गया। वो घटना के बारे में सुनकर हर किसी का दिल दहल गया, लेकिन कांग्रेस सरकार वोटबैंक की राजनीति कर है। तुष्टीकरण के लिए कांग्रेस किसी भी हद को पार कर सकती है। कर्नाटक में कट्टरपंथी ताकतें बेलगाम हुई है। कोई दुकानदार अपनी दुकान के अंदर हनुमान चालीसा सुनता है तो उस पर हमला होता है। ये आतंकवाद और कट्टरवाद की मानसिकता है। कांग्रेस वोट पाने के लिए इस मेंटेलिटी को प्रोटेक्ट कर रही है। सोशल मीडिया के जमाने में कांग्रेस टेक्नोलॉजी का गलत इस्तेमाल कर रही है। ये लोग फेक वीडियो बना रहे हैं। मेरी आवाज लगाकर कुछ भी खबर चला रहे हैं। अगर आपको कोई भी फेक वीडियो मिलता है तो उसे भाजपा को दें। तुरंत कार्रवाई होगी।

## यूसीसी लागू होने से हिंदुओं को किसी भी तरह फायदा नहीं होगा : ममता बनर्जी



**जांगीपुर, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव से पहले समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को एक राजनीतिक चाल के रूप में इस्तेमाल करने के लिए भाजपा की आलोचना करते हुए सोमवार को कहा कि इससे हिंदुओं को कोई फायदा नहीं होगा। मुर्शिदाबाद जिले के अल्पसंख्यक बहुल जांगीपुर निर्वाचन क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर चुनाव के शुरुआती चरणों में प्रत्याशित हार के मद्देनजर विभाजनकारी रणनीति का सहारा लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, जब भी चुनाव होते हैं, वे सांप्रदायिक तनाव भड़काने के लिए किसी न किसी मुद्दे का इस्तेमाल करते हैं। इस बार वे यूसीसी के बारे में बात कर रहे हैं और प्रचार कर रहे हैं कि यह एक विशेष समुदाय के खिलाफ है। लेकिन यह यूसीसी राजनीतिक बयानबाजी के अलावा और कुछ नहीं है और इससे हिंदुओं को किसी भी तरह से फायदा नहीं होगा। बनर्जी ने देश भर में बढ़ती भाजपा विरोधी भावना पर प्रकाश डाला, जो विशेष रूप से पहले दो चरणों के मतदान के बाद स्पष्ट हुई। उन्होंने कहा, पहले दो चरणों में मतदान के पैटर्न और प्रतिशत को देखने के बाद, हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि भाजपा हार गई है। शेष पांच चरणों में भी, उन्हें हार का सामना करना पड़ेगा।

## केजरीवाल से मिलने जेल पहुंची सुनीता, आतिशी भी साथ

**आप का दावा- पहले तिहाड़ प्रशासन ने परमिशन नहीं दी थी**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सोमवार को उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल से मिलने जेल पहुंची हैं। आम आदमी पार्टी ने दावा किया था पहले जेल प्रशासन ने मुलाकात की परमिशन देने से इनकार कर दिया था। सुनीता और आतिशी, केजरीवाल से मुलाकात करने दोपहर 12:3० पहुंचीं। आतिशी की मीटिंग एक हफ्ते पहले फिक्स की गई थी। इसके बाद 3० अप्रैल यानी अगले दिन पंजाब सीएम भगवंत मान की केजरीवाल से मिलेंगे। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को शराब नीति केस में गिरफ्तार किया था। जिसके बाद उन्हें तिहाड़ भेज दिया गया। उनकी न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ाई गई है। आज उनकी हिरासत को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। मुलाकात के लिए हफ्ते में 2 स्लॉट बुक रहते हैं- तिहाड़ तिहाड़ के अधिकारियों का कहना था कि किसी व्यक्ति से मिलने के लिए एक हफ्ते में दो स्लॉट ही बुक किए जा सकते हैं। आतिशी और भगवंत मान ने पहले ही सीएम से मिलने के लिए स्लॉट की बुकिंग कर दी थी। इसी वजह से उन्हें परमिशन मिल गई, लेकिन सुनीता केजरीवाल ने बाद में अनुमति मांगी। इसके पहले, आम आदमी पार्टी ने कहा था कि जेल नियमों के मुताबिक हफ्ते में दो मीटिंग हो सकती हैं और हर मीटिंग में दो लोग रह सकते हैं। इसी हिसाब से 29 अप्रैल के लिए आतिशी के साथ सुनीता केजरीवाल का नाम भी मेल के जरिए तिहाड़ जेल प्रशासन को भेजा गया था, लेकिन जेल प्रशासन की तरफ से सुनीता केजरीवाल की मुलाकात रोक दी गई। आप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स में लिखा कि जेल में अरविंद केजरीवाल के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। क्या अब एक पत्नी अपने पति से भी नहीं मिल सकती? दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने रविवार को आप के लिए प्रचार किया।

## पीएम मोदी के चुनाव लड़ने पर बैन लगाने की याचिका हाई कोर्ट ने की खारिज

**कहा, हम आयोग को आदेश नहीं दे सकते**



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने हालिया भाषण के दौरान कथित तौर पर भगवान और पूजा स्थल के नाम पर वोट मांगकर आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन करने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को छह साल के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करने की मांग वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी। हाई कोर्ट ने कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है। याचिका खारिज करते हुए अदालत ने कहा कि याचिका पूरी तरह से गलत है और अदालत ईसीआई को किसी भी शिकायत पर विशेष दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश नहीं दे सकती। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में पीएम मोदी द्वारा दिए गए भाषण में उन्होंने मतदाताओं से हिंदू देवी-देवताओं और हिंदू पूजा स्थलों के साथ-साथ सिख देवताओं और सिख पूजा स्थलों के नाम पर उनकी पार्टी को वोट देने की अपील की। ईसीआई की ओर से पेश होते हुए, वकील सिद्धांत कुमार ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि वह दैनिक आधार पर ऐसे आवेदनों से निपट रहा है और कानून के अनुसार कार्रवाई करेगा। उन्होंने अभ्यावेदन दाखिल कर दिया है और हम इस पर कार्रवाई करेंगे। आयोग एक संवैधानिक संस्था है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता का मानना है कि एमसीसी का उल्लंघन हुआ है।

## वोट के जरिए अनुच्छेद-37० निरस्त करने पर अपनी नाखुशी जाहिर करें : महबूबा मुफ्ती



**श्रीनगर, एजेंसी।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं से मौजूदा लोकसभा चुनाव में अपने वोट के माध्यम से संविधान के अनुच्छेद-37० के प्रावधानों को निरस्त करने पर अपनी नाखुशी दर्ज कराने की अपील की है।

महबूबा ने सोमवार को अनंतनाग जिले के लारकीपोरा इलाके में सड़क किनारे एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, "यह कोई विधानसभा चुनाव नहीं है। यह इस बारे में नहीं है कि पीडीपी, नेशनल कॉन्फ्रेंस अथवा कांग्रेस पार्टी जीतेगी या नहीं। यह चुनाव एक संदेश देने वाला है कि 2019 में लिए गए फैसले और उसके बाद जो हुआ वह लोगों को स्वीकार्य नहीं है।" गौरतलब है कि अगस्त 2019 में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद-37० के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त कर उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर अतीत में बहुत कठिन दौर से गुजरा है और वर्तमान परिस्थिति भी कठिन है। उन्होंने कहा, " जम्मू-कश्मीर के लोगों ने अतीत में बेहद कठिन समय देखा है। वह समय भी नहीं रहा और न ही यह मौजूदा (परिस्थिति) रहेगी, लेकिन ऐसा केवल तभी संभव है जब हम इसे शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीकों से मिलकर लड़ेंगे।

**भयावह आग**

**पिछले साल की तुलना में 5 गुना बढ़ी आगजनी**

## उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग पर नासा की नजर, 571० जगह आग लगी

### धामी ने कहा, जिम्मेदार अफसरों पर एक्शन लेंगे

उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा- आग बुझाने में हम लोग पूरा प्रयास कर रहे हैं। आर्मी और अन्य लोगों सहित सभी सामाजिक संगठनों से सहयोग की हमने अपील की है। जो अधिकारी इसमें जिम्मेदार होंगे, उनकी जिम्मेदारी भी तय की जाएगी।



**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड के नैनीताल के जंगल में लगी आग 5 दिन से धधक रही है। जंगलों की आग आबादी वाले क्षेत्र तक पहुंच गई है, जिससे लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत आ रही है। रविवार को वायुसेना ने भीमताल झील से पानी लेकर मनोरा और भवाली रेंज में आग बुझाई। अब एनडीआरएफ भी आग बुझाने में लगाई गई है। हालांकि, नैनीताल में दो से तीन जगह और चंपावत, अल्मोड़ा, पिथौड़ागढ़, बागेश्वर में एक-एक जगह आग धधक रही है। रविवार शाम के आंकड़ों के मुताबिक, 24 घंटे में जंगल में आग की कुल 8 घटनाएं हुईं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने सैटेलाइट रिकॉर्ड से बताया कि राज्य में इस महीने आग की 571० घटनाएं हुईं, जबकि पिछले साल अप्रैल में 1046 थीं। यानी इस बार 5 गुना ज्यादा आग की घटनाएं हुईं। इनमें खेतों में पराली जलाने से लेकर बड़ी मात्रा में कूड़ा जलाने की घटनाएं भी शामिल हैं। पर्यावरण पर नजर रखने वाली संस्था क्लाइमेट ट्रेंड की पर्यावरण विद डॉ. पलक बालियान ने बताया है कि उत्तराखंड के सभी जिलों में मार्च और अप्रैल महीने में 2023 की तुलना में 2024 में आग की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी गई है। नैनीताल, चंपावत, अल्मोड़ा, गढ़वाल और पिथौरागढ सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र हैं। अप्रैल-महीने में दोनों वर्षों (2023 और 2024) में मार्च की तुलना में अधिक आग की घटनाएं हुई हैं।

### क्लाइमेट चेंज ने मुश्किलें बढ़ाईं

उत्तराखंड के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कपिल कुमार जोशी ने बताया- कई प्रतिकूल परिस्थितियां आग को हवा दे रही हैं। इसमें आर्द्रता, लंबे समय सूखा मौसम, ज्यादा गर्मी, हवा की दिशा से आग बढ़ जाती है।

# लोकसभा चुनाव बसपा ने यूपी से तीन उम्मीदवार किए घोषित



**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – बहुजन समाज पार्टी ने सोमवार को यूपी के लिए लोकसभा उम्मीदवारों की दसवीं सूची जारी की।इस सूची में बसपा ने तीन लोकसभा उम्मीदवार घोषित किए हैं।बसपा द्वारा जारी सूची में अमेठी लोकसभा क्षेत्र से नन्हे सिंह चौहान को पार्टी उम्मीदवार बनाया गया है।इसके अलावा प्रतापगढ़ से प्रथमेश मिश्रा और झांसी से रवि प्रकाश कुशवाहा को बसपा उम्मीदवार घोषित किया गया है।

**छावनी क्षेत्र में लगवाए जायेंगे एक दर्जन प्याऊ**

सदर व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्य अधिशासी अधिकारी से की मुलाकात,हाउस टैक्स व वाटर टैक्स जमा करने में आ रही दिक्क़तों को लेकर सौंपा ज्ञापन, रक्षामंत्री से की समस्या से निजात दिलाने की मांग लखनऊ सदर व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मण्डल सोमवार को सदर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतबीर सिंह राजू के नेतृत्व में मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिषेक राठौर से मिला और उनको एक ज्ञापन प्रेषित किया।ज्ञापन में राजू ने बताया कि ई छावनी पोर्टल में ख़ामियां होने की वजह से छावनी की जनता व दुकानदारों को हाउस टैक्स व वाटर टैक्स जमा करने में दिक्क़तों का सामना करना पड़ रहा है।हाउस टैक्स,वाटर टैक्स व शॉप रेंट को चेक,आरटीजीएस,पेटीएम द्वारा अथवा कैश द्वारा लिया जाए।प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा मंत्री से भी इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।इस पर मुख्य अधिशासी अधिकारी ने व्यापार मंडल की माँग को रक्षा मंत्रालय तक पहुँचाने को कहा।उन्होंने बताया कि ये आदेश रक्षा मंत्रालय से ही है कि पोर्टल के थ्रू पैसे लिये जाएँ और मैं आपके पत्र को रक्षा मंत्रालय भेजकर इसको करवाने की कोशिश करूँगा। सतबीर सिंह ने बताया भीषण गर्मी को देखते हुए एक दर्जन प्याऊ छावनी क्षेत्र में लगवाए जाएँगे।सदर चौराहे स्थित वाटर कूलर में 500 लीटर की एक टंकी और लगेगी।पशुओं के लिए जगह जगह पानी की व्यवस्था छावनी परिषद करवाएगी तथा शीघ्र ही एक पशु चिकित्सक की नियुक्ति की जाएगी।सदर चौराहा स्थित शौचालय के बाहर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगवाई जाएगी तथा शौचालय का कनेक्शन सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा।यह आश्वासन छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिषेक राठौर ने दिया है।इस अवसर पर मुख्य रूप से महामंत्री सुनील वैश्य,उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल,मंत्री विपिन दयाल मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव में सैफई परिवार को छोड़ किसी बाहरी यादव को टिकट नहीं

⇨ बीजेपी ने एक यादव को दिया मौका,सभी दलों से निराश है यादव समाज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव में पहली बार परिवार के बाहर के किसी यादव को टिकट नहीं दिया है। जिन पांच यादवों को मैदान में उतारा है, वे सभी सैफई परिवार के सदस्य हैं। यादव राजनीति के भरोसे शिखर पर पहुंचे मुलायम सिंह की नीति से यह काफी अलग है। वह हर लोकसभा चुनाव में तीन से चार सीटों पर परिवार के अलावा भी यादवों को उतारते रहे हैं। करीब 19.40 फीसदी हिस्सेदारी वाले यादव वोटबैंक पर अखिलेश के इस प्रयोग की परीक्षा होगी।सपा 62 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। अब तक 59 उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। मैनपुरी से डिंपल, कन्नौज से अखिलेश यादव, आजमगढ़ में धर्मेंद्र यादव, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, बदायूं से आदित्य यादव मैदान में हैं। सैफई परिवार के क्षत्रप अपनी ही सीट पर फंसे हुए हैं। वे अन्य सीटों नहीं पहुंच पा रहे हैं। भाजपा ने भी सैफई परिवार के उम्मीदवारों को उनके घर में ही घेरे रखने की रणनीति बनाई है, तो दूसरी तरफ यादव वोटबैंक को अपने पाले में लाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है।

सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी का कहना है कि भाजपा की हार चाल को जनता समझ चुकी है। सपा पीडीए के फॉर्मूले पर कार्य कर रही है। पांच यादवों को टिकट दिया है।2014 में 13 तो 2019 में 11 यादवों को सपा का टिकट मिला था ।1999 में पहली बार मुलायम सिंह सांसद बने थे। वह सात बार सांसद रहे, जबकि अखिलेश ने वर्ष 2000 में लोकसभा के उपचुनाव से सियासी सफर शुरू किया। फ्लैशबैक में जाएं तो 2014 में सपा ने 13 यादवों को टिकट दिया था, जिनमें मुलायम सहित पांच लोग विजेता रहे। 2019 में 11 यादवों को टिकट मिला था, जिसमें पांच सीटें मिलीं। मुलायम और अखिलेश के अलावा अन्य हार गए थे।पिछड़ों में यादवों की हिस्सेदारी 19.40 फीसदी है। इस विरादरी के कई लोगों की राय कुछ ऐसी है कि सभी दलों ने निराश किया है। सपा ने सैफई परिवार के पांच लोगों को टिकट दिया है। इन्हें यादव के तौर पर नहीं देखा जाता है।प्रतिशत के हिसाब से सपा ने 8.47 फीसदी टिकट दिया है, जबकि बसपा ने अब तक घोषित टिकट के अनुसार 9.30 फीसदी टिकट यादवों को दिया। भाजपा ने सिर्फ एक यादव को उतारा है। ऐसे में यादव समाज में नाखुशी से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## ओम ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनंजय द्विवेदी ने राजनाथ सिंह के नामांकन में शामिल होकर विजय की शुभकामनाएं दी



**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – आज दिनांक 29 अप्रैल 2024 को देश के यशस्वी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के लोकसभा प्रत्याशी लखनऊ के नामांकन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री माननीय पुष्कर सिंह धामी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ ओम ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनंजय द्विवेदी, राष्ट्रीय कवि वेद ब्रत बाजपेई, व्यापार संगठन के अजय त्रिपाठी मुन्ना एंव हजारों समर्थकों के साथ नामांकन में शामिल होकर विजयी होने की शुभकामनाएं दी ।

# कांग्रेस ने राजनाथ व स्मृति ईरानी से पूछे कई सवाल

☐ विकास कार्यों में रोड़ा बनी भाजपा -अभय दुबे

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – राजधानी के लखनऊ संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति जुबिन ईरानी ने सोमवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया।इस मौके पर सोमवार को यूपी कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेस ब्रीफिंग कर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभय दुबे ने दोनो नेताओं से कई सवाल पूछे और कहा कि उन्हें जवाब देना चाहिए कि जनता उन्हें फिर से क्यों चुने?।कांग्रेस प्रवक्ता ने सवाल पूछते हुए कहा कि रक्षामंत्री बताएं कि भारत की भूभागीय अखण्डता से समझौता क्यों किया गया ?,चीन की सेना लद्दाख में भारत की सीमा में घुसकर बैठी है। 26 पेट्रोलिंग प्वाइंट पर हमारी सेना को पेट्रोलिंग नहीं करने दी जा रही है।सवाल करते हुए अभय दुबे ने कहा कि भाजपा सांसद ने सदन में कई बार कहा कि




चीन की सेना अरूणाचल प्रदेश में अन्दर तक घुस कर अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रही है। भूटान में गांव बसा दिया है। आखिर वह किसकी भूमि है।चीन ने अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों का नाम अपने नक्शे पर बदल दिया है।कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि इन तमाम सवालों का जवाब जनता चाहती है।इस दौरान अमेठी की सांसद व भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी से कांग्रेस प्रवक्ता ने सवाल करते हुए कहा कि वह बताएं की उन्होंने अपने लिए अमेठी में एक कोठी बनवाने के अलावा क्या किया? वो जनता को बतौर सांसद सिर्फ पांच काम बताएं और चुनाव में जाएं।पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस ने अमेठी में कई प्लांट लगाए, ऑर्डिनेंस फैक्टरी लगवाई,ट्रेनिंग सेंटर बनाए ,शिक्षण संस्थाएं खुलवाए ,कांग्रेस ने कई अस्पताल , स्कूल बनाये,ट्रेन चलाई हैं।लोगों को रोजगार मिल सके इसके लिए कई प्रोजेक्ट लगाए।उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने यहां विकास कार्य तो किया नही बल्कि जो काम कांग्रेस के समय चल रहे थे उनको रोकने का काम किया है।इस अवसर पर यूपी कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन डॉ सीपी राय,वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिदंवी, प्रदेश पैनलिस्ट प्रदीप सिंह, सचिन रावत मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री को खुद संभालनी पड़ी लखनऊ की ट्रैफिक व्यवस्ता, जाम के झाम में फंसे लखनऊ वासी

**लखनऊ।** लखनऊ शहर में जाम का समस्या आम है। राजनाथ सिंह के नामांकन के दौरान शहर की ट्रैफिक व्यस्वस्था ध्वस्त हो गई। शहर के कई चौराहों व सड़कों पर ट्रैफिक जाम रहा जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी ओर नामांकन के रूट भी लखनऊ प्रशासन जाम को मैनेज नहीं कर पाया जिसके चलते नामांकन में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं को भी समस्या हुई। वहीं दूसरी ओर नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को खुद माइक हाथ में लेकर जाम को खुलवाने की कोशिश की। इस दौरान सीएम योगी ने लोगों से तेजी से निकले की बात कही। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर आज अपनी परम्परागत सीट से नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले राजनाथ सिंह ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ लखनऊ के हनुमान सेतु मंदिर में हनुमान जी के दर्शन किए हैं। इस दौरान राजनाथ सिंह के समर्थकों में काफी उत्साह देखने को मिला। राजनाथ सिंह के नामांकन में शामिल होने के लिए हजारों की संख्या में समर्थक नामांकन जुलूस में शामिल हुए हैं। भारी संख्या में समर्थकों ने जुलूस में शामिल होकर उत्साह दिखाया है। नामांकन जुलूस में अधिक संख्या होने से शहर की आम जनता को जाम की समस्या से जुझना पड़ा। शहर के कई चौराहों पर सड़कों पर जाम की समस्या रही, जिसके चलते लोगों को आने जानें में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नामांकन के दौरान प्रशासन द्वारा पुख्ता व्यवस्थाएं न होने से आम जन को जाम से काफी दिक्कतें हुई। चारबाग व हजरतगंज रूट सहित लखनऊ के कई रूट पर जाम लगा। लखनऊ के आईटी चौराहे पर घंटों गाड़ियां फंसी रहीं। सीतापुर रोड़ व अलीगंज से आने वाली गाड़ियों को विश्वविद्यालय की ओर नहीं जाने दिया गया जिसके चलते लोगों को दिक्कते हुई। राजनाथ सिंह हनुमान सेतु दर्जश करने पहुंचे ऐसे में लखनऊ विश्वविद्याल के रूट में जाम लग गया जिसके चलते हजरतगंज जाने वाली गाड़ियों को अपना रूट बदलना पड़ा। लखनऊ के कई रूट पर नामांकन के चलते जाम की समस्या देखी गई।




## व्यापारियों ने राजनाथ सिंह के नामांकन जुलूस का किया स्वागत



**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के तत्वाधान में हजरतगंज हनुमान मंदिर के सामने बने मंच पर राजधानी के व्यापारियों ने आदर्श व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व मे लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के नामांकन जुलूस का भव्य स्वागत किया।स्वागत कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, नगर महामंत्री राजीव शुक्ला ,अमित अग्रवाल ,राजन मिश्रा, संजय त्रिवेदी, डॉ साकेत चतुर्वेदी ,विवेक श्रीवास्तव, श्याम शर्मा समेत तमाम व्यापारी शामिल रहे।

# एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और लखनऊ ट्रैफिक पुलिस ने सुरक्षा के महत्व को किया रेखांकित

**लखनऊ।** देश के सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और लखनऊ ट्रैफिक पुलिस ने लखनऊ शहर में श्सुरक्षाश् के महत्व को उजागर करने और हेलमेट अपनाने को बढ़ाने के लिए एक जन जागरूकता अभियान चलाया। 1090 चौराहे पर चलाए गए इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य था, दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट के उपयोग के महत्व को बढ़ावा देकर स्थानीय निवासियों को सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए संवेदनशील बनाना। इस अभियान में पीछे बैठने वालों की सुरक्षा के लिए हेलमेट के महत्व पर भी जोर दिया गया, क्योंकि उनमें अक्सर सबसे असुरक्षित सह-यात्री शामिल होते हैं और वे हैं बच्चे। इस जन जागरूकता अभियान का उद्घाटन कमलेश दीक्षित, पुलिस उपायुक्त, महिला अपराध एवं सुरक्षा, लखनऊ ने अमित झिंगरन, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, एसबीआई लाइफइंश्योरेंस के साथ किया और इस मौके पर इंद्र पाल सिंह, एसीपी, लखनऊ, एम. आनंद, मुख्य वितरण अधिकारी, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंसय रवींद्र शर्मा, प्रमुख ब्रांड, कॉर्पोरेट संचार एवं सीएसआर, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंसय और साथ ही लखनऊ यातायात पुलिस तथा एसबीआई लाइफइंश्योरेंस के अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। लखनऊ ट्रैफिक पुलिस के प्रतिनिधियों ने उन स्थानीय लोगों से सीधी बातचीत की जो बिना हेलमेट के वाहन चलाते दिखे। उन्होंने इन लोगों को हेलमेट (हेड प्रोटेक्शन गियर) के महत्व के बारे में बताया जो न केवल उनकी अपनी बल्कि उनके प्रियजनों की भी सुरक्षा करता है। एसबीआई लाइफ की टीम के साथ अधिकारियों ने मोटर चालकों और पीछे बैठने वालों को मुफ्त हेलमेट भी वितरित किए। इसके जरिये लोगों को अपने सपनों को निडर होकर आगे बढ़ाने के लिए सहयोगकर्ता के रूप में सुरक्षा (प्रोटेक्शन एज एन एनेबलर) के विचार पर जोर दिया गया और इस प्रकार श्सुरक्षाश् को प्राथमिकता बनाने के लिए व्यवहार में बदलाव को प्रोत्साहित किया गया। लखनऊ के महिला अपराध एवं सुरक्षा के डी.सी.पी, कमलेश दीक्षित ने कहा, लखनऊ यातायात पुलिस और एसबीआई लाइफ शहर के स्थानीय निवासियों को मोटर साइकिल चलाते समय सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाने के लिए शिक्षित और प्रोत्साहित करने के लिए इस जन जागरूकता अभियान को चलाने के लिए साथ आए हैं। हेलमेट से सवार की अनिश्चितता से सुरक्षा होती है और साथ ही आईएसआई मार्क वाले हेलमेट का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। हमें लगता है कि इस तरह की पहल से स्थानीय लोगों को सवार के साथ-साथ पीछे बैठे व्यक्ति की सुरक्षा में हेलमेट की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूक बनाने में मदद मिलती है। इस जन जागरूकता अभियान के बारे में, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांड, कॉरपोरेट संचार एवं सीएसआर प्रमुख, रवींद्र शर्मा ने कहा, 卐भारत में लोग अपने रोजमर्रा के आवागमन के लिए दोपहिया वाहनों पर बहुत अधिक निर्भर हैं और दरअसल दोपहिया वाहन, पारिवारिक आकांक्षा का प्रतीक है। अक्सर घर के लिए रोजी-रोटी कमाने वाला व्यक्ति दोपहिया वाहन चलाता है, जिससे न केवल अपने लिए बल्कि अपने प्रियजनों के लिए भी अपनी सुरक्षा पर जोर देकर जिम्मेदारीपूर्ण व्यवहार अपनाना अनिवार्य हो जाता है। हेलमेट के महत्व को रेखांकित के लिए, एसबीआई लाइफ ने लखनऊ यातायात पुलिस के साथ मिलकर स्थानीय लोगों के व्यवहार में बदलाव लाने और उन्हें अपनी तथा अपने प्रियजनों की महत्वाकांक्षाओं को जिम्मेदारी से आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जन जागरूकता अभियान चलाया।उन्होंने कहा, 卐एसबीआई लाइफ में, हमारा लक्ष्य है, ऐसी मानसिकता को बढ़ावा देना जो इस महत्वाकांक्षी भावना के साथ संतुलन के लिए जिम्मेदारी की भावना को प्रश्रय दे, सपनों की तलाश के साथ-साथ सुरक्षा को प्राथमिकता दे। हमारा प्रयास एक ऐसी सांस्कृतिक क्रांति को प्रज्वलित करना, जहां सुरक्षा प्राथमिकता बन जाए, साथ ही व्यक्तिगत सुरक्षा और प्रियजनों की भलाई के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ महत्वाकांक्षा को सहजता से जोड़ा जाता हो। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में पिछले साल की तुलना में, उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 6.59 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। अक्टूबर के अंत तक कुल 36, 476 मामले दर्ज किए गए। इसके अतिरिक्त, राज्य में मामलों में 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई और 19,290 लोगों ने जान गंवाई। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के डेटा रिकॉर्ड के अनुसार, उत्तर प्रदेश के सात बड़े शहरों में से लखनऊ में सबसे घातक सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं, जहां 1408 घटनाओं में 643 लोगों की मौत हो गई और 994 लोग घायल हुए। यह जन जागरूकता अभियान, लोगों को अपनी आकांक्षाओं को निडरता से आगे बढ़ाने में सुरक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूक बनाने के लिए एसबीआई लाइफ द्वारा की गई कई पहलों में से एक है। इस प्रयास के तहत, कंपनी ने हाल ही में लखनऊ सुपर जायंट्स फ्रेंचाइजी के साथ साझेदारी में, एकाना स्टेडियम के प्रवेश द्वार पर एक आकर्षक, विशाल हेलमेट स्थापित किया है।

## समाचार

### जो हिन्दुत्व और राष्ट्रहित की बात करेगा बजरंग दल उसका सहयोग करेगा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की प्रतिष्ठित हॉट सीट पर भाजपा के प्रत्याशी व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन से गर्मी के मौसम में राजधानी की राजनीतिक गर्मी में और उछाल आ गया है। राजधानी में देखा जाय तो सीधा मुकाबला भाजपा और सपा के बीच ही है। वही भोजपुरी समाज, सिंधी समाज बनेक व्यापारिक संगठनों के द्वारा राजनाथ सिंह को अपना पूर्ण सहयोग देने की घोषणा से राजनाथ सिंह की जीत सुनिश्चित मानी जा रही है। राजनाथ सिंह के नामांकन के अवसर पर बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष स्वतुत्र बाजपेयी ने एक बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि इस लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय बजरंग दल की क्या भूमिका रहेगी और राष्ट्रीय बजरंग दल किस राजनीतिक दल का सहयोग करेगा? इसका जबाब देते हुये प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र बाजपेयी ने कहा कि राष्ट्रीय बजरंग दल मतदान महादान के संकल्प के तहत लोकतंत्र के इस महापर्व में भी अपनी महती भूमिका का निर्वहन सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से स्वैच्छिक भाव से कर रहा है। राष्ट्रीय बजरंग दल समाज की प्रत्येक सकारात्मक कार्यवाही में बढ़-चढ़कर भाग लेता है। है। हम जगह-जगह कार्यकर्ताओं के माध्यम से श्री हनुमान चालीसा केन्द्र की स्थापना कर रहें हैं। श्री हनुमान चालीसा के पाठ के बाद हिन्दू पंचायत होती है जिसमें हिन्दू जागरण की चर्चा के साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी को मतदान करने की शपथ भी दिलाते हैं। स्वतंत्र बाजपेयी ने आगे कहा कि जहां तक बात किसी राजनीतिक दल को सहयोग या समर्थन देने की बात है तो निश्चित रूप से हम उसी राजनीतिक दल को सहयोग करेंगे जो हिन्दुत्व की बात करता है और वो एकमात्र भारतीय जनता पार्टी ही है जिसका सहयोग बजरंग दल करेगा। जो तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल हिन्दुत्क की बात नहीं करेगें हम उनका बहिष्कार करेगें। वास्तव में जो राम और हनुमान का नहीं हिन्दु होते हुये भी हमारे किसी काम का नहीं है।

### बरेली लोकसभा सीटः अब बीजेपी और कांग्रेस में सीधी जंग

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में 7 मई को यूपी की बरेली लोकसभा सीट पर मतदान है। ये सीट बीजेपी का गढ़ मानी जाती है। इस सीट पर दलित और मुस्लिम मतदाताओं की बड़ी संख्या है। बीते दिनों इस सीट बीएसपी उम्मीदवार छोटेलाल गंगवार का नामांकन रद्द हो गया है, जिससे अब यहां सीधी टक्कर बीजेपी और कांग्रेस के बीच बन गई है। सपा और कांगेस इस बार एक साथ हैं और रालोद इस चुनाव में एनडीए का साथ दे रही है। बसपा अकेले चुनाव मैदान में है। बीजेपी का वोट बैंक मजबूत है। 1989 में पार्टी के संतोष कुमार गंगवार ने पहली बार जीत हासिल की थी। इसके बाद वह 1991, 1996, 1998, 1999 और 2004 में बरेली से जीत चुके हैं। 2009 के चुनाव में श्री गंगवार कांग्रेस प्रत्याशी से मात्र 9 हजार से हार गए थे। साल 2014 में संतोष गंगवार ने ये सीट फिर जीतकर बीजेपी की झोली में डाली थी। 2019 में भी संतोष गंगवार यहां से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। बावजूद इसके इस बार पार्टी ने उनका टिकट काटकर छत्रपाल गंगवार को अपना प्रत्याशी बनाया है।इस सीट पर कांग्रेस ने पूर्व सांसद प्रवीण सिंह एरन को चुनाव मैदान में उतारा है। इलाके में उनका मजबूत जनाधार है। इलाके में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में उनकी गिनती होती है। बरेली लोकसभा सीट पर 17.60 लाख मतदाता हैं। इनमें 9 लाख से ज्यादा पुरुष और 7 लाख से ज्यादा महिला वोटर हैं। इस सीट पर 35 फीसदी मुस्लिम और 63 फीसदी हिंदू मतदाता हैं। बरेली सीट पर मीरगंज, बरेली कैंट, भोजीपुरा, बरेली और नवाबगंज पांच लोकसभा सीटें आती हैं। भोजीपुरा को छोड़कर सभी सीटों पर बीजेपी पार्टी के विधायक हैं। 2019 लोकसभा चुनाव में बीजेपी के संतोष गंगवार को 5,65,270 वोट मिले थे ,सपा उम्मीदवार को 3,97,988 वोट और कांग्रेस पार्टी के लिए 74,206 वोट पड़े थे।

### नामांकन से पहले राजनाथ सिंह ने किया रोड शो

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज लखनऊ लोकसभा सीट से नामांकन करने से पहले रोड शो किया। इस रोड शो में राजनाथ सिंह के साथ यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत भाजपा के दिग्गज नेता मौजूद रहे। राजनाथ सिंह ने रोड शो शुरू करने से पहले हनुमान सेतु मंदिर में जाकर पहले शिवलिंग का अभिषेक किया और संकटमोचन हनुमान भगवान के दर्शन कर आर्शीवाद लिया। लखनऊ में रोड शो के दौरान राजनाथ सिंह लोगों को हाथ हिलाकर धन्ध्यवाद देते नजर आए वहीं सीएम योगी और सीएम धामी हाथ में भाजपा का चुनाव निशान कमल हाथ में लहराते हुए भाजपा को वोट देकर प्रचंड बहुमत देने की अपील करते नजर आए। राजनाथ सिंह के रोड शो में भारी संख्ष्या में लखनऊ के अल्पसंख्यक समाज के लोग नजर आए। मुस्लिम समाज के लोगों ने रक्षा मंत्री का फूल मालाओं से स्ध्वागत किया।

### प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों ने जब्त की अवैध शराब, नकदी

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 28 अप्रैल तक कुल 32977.30 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3211.02 लाख रुपये नकद धनराशि, 4583.70 लाख रुपये कीमत की शराब, 21850.88 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2175.30 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.39 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी ।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 28 अप्रैल को 182.07 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 4.39 लाख रुपये नकद धनराशि, 51.58 लाख रुपये कीमत की 18989.75 लीटर शराब, 112.38 लाख रुपये कीमत की 441702.58 ग्राम ड्रग एवं 13.72 लाख रुपये कीमत की 5916 ग्राम बहुमूल्य धातुएं जब्त की गयी ।28 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में जनपद प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 90.42 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 361700 ग्राम 361.70 किलोग्राम ड्रग तथा जनपद आगरा की आगरा दक्षिण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13.71 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 5916 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

हिंदी दैनिक
तीसरा विकल्प न्यूज़
लखनऊ से प्रकाशित
मंगलवार, 30 अप्रैल, 2024



# नशे और पैसे से प्रभावित होते चुनावी नतीजे

भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहले आम चुनाव से लेकर अध्यतन चुनाव में पैसे तथा नशे की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही हैस वैश्विक स्तर पर भी भी इस महत्वपूर्ण कारक का प्रभाव रहा है। आम चुनाव में लोकसभा,विधानसभा के चुनाव से लेकर स्थानीय चुनाव तक सक्षम चुनाव के उम्मीदवार पैसे और नशे की खेप से मतदाता के बड़े गरीब तपके के मतदाताओं को प्रभावित करते आए हैं। मतदान के ठीक 1 दिन पहले रात्रि में मजदूरों की झुग्गी झोपड़ीयों में बकरा तथा शराब की पार्टियों तथा रूपयों के साथ अन्य आवश्यक सामग्रियों के वितरण द्वारा मतदाता को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। शराब तथा पैसों की लगातार आपूर्ति और वितरण मतदाताओं को प्रभावित करने का मापदंड बनता चला आया है। शराब एवं अन्य नशा देश के नौजवानों को मानसिक शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर करता रहा है तथा चुनाव के समय इस पर प्रभावी नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है इस पर एक राष्ट्रीय कानून तथा संविधान बनाने की बड़ी और प्रभावी आवश्यकता है। आईए एक विश्लेषण में देखते हैं कि नशा किस तरह देश के आर्थिक तथा मानसिक विकास को क्षति पहुंचाता आया है।

देश मे हर तरह के एक सूखे और अन्य नशे से न सिर्फशारीरिक, मानसिक, सामाजिक संरचना कमजोर होती है, बल्कि परिवार, समाज और देश के आर्थिक तंत्र पर बड़ी चोट लगती हैस वैश्विक स्तर पर यह माना जाता है कि विश्व का हर चौथा युवा नशे की गिरफ्त में है और उसकी सांसे नशे के नियंत्रण में ही हैं। भारत युवा शक्ति का देश है और भारत को नशे की गिरफ्त से बचाकर एक ऊर्जावान युवा शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना ही हमारी सार्थकता होगी। विश्वव्यापी नशे की व्यापकता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने 7 दिसंबर 1987 को एक प्रस्ताव पारित कर हर वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया था। ये एक तरफ लोगों को नशे के प्रति चेतना फैलाता है ।वहीं दूसरी तरफनशे की गिरफ्त में आए लोगों के उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी उठाता है। मादक पदार्थों की नशे की लत आज के युवाओं में तेजी से फैल रही है। कई बार फैशन की खातिर दोस्तों के कहने पर लिए गए यह मादक पदार्थ अक्सर युवाओं के लिए जानलेवा साबित होते हैं। युवा तो युवा बच्चे भी फेविकोल,तरल इरेजर, पेट्रोल की गंध और स्वाद के प्रति आकर्षित होते हैं, और कई बार कम उम्र के बच्चे आयोडेक्स, वोलीनी जैसी दवाओं को सूघकर नशे का आनंद लेते हैं। कुछ मामलों में आयोडेक्स को ब्रेड में लगाकर खाने का नशा भी बच्चों में देखा गया है। और मजाक मजाक में जिज्ञासा बस कोरेक्स, कोडन, अल्प्राजोलम, कैनेबिस जैसी दवाओं को पीकर नशे में झूमते हैं। यह नशीली दवाएं कब बच्चों को तथा गरीब युवाओं को अपने घेरे में ले लेती है पता ही नहीं चलता। तंबाकू, सिगरेट, गांजा, कोकीन, चरस, स्मैक, भांग जैसी नशीली वस्तुओं का आज युवा वर्ग लगातार सेवन कर अपनी जिंदगी से खेलने में लगा हुआ है। पहले इन लोगों को मादक पदार्थों की मुफ्त में लग लगाकर सबको इसका आदी बनाया जाता है,और फ़िर ऐसी नशे की लत में युवा तथा बच्चे चोरी, डकैती,पॉकेट मारी, घर के पैसे, रुपए, जेवरात चुराने की हरकतें करने लगते हैं,जो न सिर्फकानूनी अपराध है बल्कि समाज की बहुत बड़ी विसंगति भी है। कई बार बच्चे घर के ही बड़े सदस्यों को देखकर यह नशा करने लगते हैं कि जब बड़े कर रहे हैं तो उन्हें भी यह करने में कोई बुराई नजर नहीं आती है। और फ़िर इनके द्वारा शुरू होता है असामाजिक कार्यों का सिलसिला धीरे-धीरे युवा नशे की लत में अपराध जगत की ओर बढ़ने लगता है। चिकित्सकीय आधार पर देखा जाए तो हीरोइन चरस कोकीन गांजा जैसे मादक पदार्थों के नशे की गिरफ्त में आकर अपना मानसिक संतुलन खो देते हैं, एवं पागल तथा सुसुप्ता अवस्था में चले जाते हैं, नशे की लत शरीर को सुस्त कर म्रत्यु की ओर ले जाती है। और नशे की लत में मानसिक संतुलन खोकर व्यक्ति बड़े-बड़े अपराध तक कर बैठता है।, नशे की लत का मामला न सिर्फस्वास्थ्य से जुड़ा होकर बल्कि अपराध जगत से भी जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि जीवन अनमोल है और इस अनमोल जीवन को नशे की लत में नष्ट कर समय से पहले ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने के साथ-साथ मादक पदार्थों से मुकाबले के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों तथा इसके मार्ग में उत्पन्न चुनौतियों तथा निवारण का सही सही उपचार भी बताता है। वैसे इतने घातक तथा खतरनाक नशे की लत को केवल 26 जून को नशा निरोधक दिवस बना कर इतिश्री नहीं कर लेना चाहिए, बल्कि इसके विरुद्ध हर देश को एक व्यापक जन अभियान भी चलाना चाहिए। 26 जून का दिन मादक पदार्थों से मुकाबले का प्रतीक बन गया है।और इस दिवस पर मादक पदार्थों के उत्पादन तस्करी तथा सेवन के दुष्परिणामों से बचने के उपायों के बारे में विस्तृत चर्चा भी की जानी चाहिए। भारत दक्षिण एशियाई देशों के मध्य हीरोइन का बड़ा उपभोक्ता देश बनते जा रहा है। भारत के कई भूभाग पर अफीम की खेती भी की जाती है। पारंपरिक तौर पर किस के बीच पोस्तों से सब्जी बनाकर खाई जाती थी, किंतु कालांतर में इसका उपयोग एक मादक पदार्थ के रूप में आरंभ हुआ जिसने एक बहुत बड़ा खतरनाक रूप ले लिया। एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में 12 से 60 साल की उम्र के लोगों में नशे की लत लगभग 1.6 : देखी गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में जिस अफीम की हीरोइन में तब्दील नहीं किया जाता उसका दो तिहाई हिस्सा 5 बड़े देशों में इस्तेमाल होता है इसमे ईरान 42 :, अफ़गानिस्तान पाकिस्तान 7 :,भारत खुद 6 : तथा रूस में इसका 5 : उपयोग होता है। भारत में 2008 में 17 मि,टन हीरोइन की खबत होती थी,और वर्तमान में भारत में अफीम की खपत 65 से 70 मी,टन प्रति वर्ष होने लगी है। यह विश्व में इस्तेमाल होने वाली अफीम का 6 : है। भारत में ही अफीम की 1500 से लेकर 2000 हेक्टेयर में अफीम की अवैध खेती होती है। यह तथ्य वास्तव में देश के लिए और देश के युवा तथा बच्चों के लिए अत्यंत खतरनाक है। इस पर शासन प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रख इस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। भारत में शराब सेवन करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है साथ ही मध्य पान के कारण 1500 से दो हजार भारतीय आज शराब के नशे में प्रतिवर्ष मरने भी लगे हैं। आज की स्थिति में हर 20 व्यक्तियों में से एक व्यक्ति शराबखोर है ।पुरुष तो पुरुष महिलाएं भी आज की स्थिति में मध्य पान की ओर आकर्षित हो रही हैं। विशेषकर उच्च तथा मध्यम वर्गीय परिवारों में महिलाएं शराब का सेवन करने लगी है ।इसमें से कुछ महिलाएं खुलेआम कुछ छुप-छुपकर इसका सेवन करती हैं। महानगरों में बड़े शहरों की कामकाजी महिलाओं के छात्रावासों तथा हॉस्टल में महिलाओं




का शराब का सेवन तेजी से बढ़ते जा रहा है एक सर्वे के अनुसार करीब 20 से 25 : महिलाएं शराब खोरी की गिरफ्त में आ चुकी हैं। यूरोपियन देशों में महिलाओं की नशाखोरी की आदत का प्रतिशत 60 : से ऊपर है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बैठकों सेमिनार तथा मीटिंग में शराब का सेवन एकदम आम बात बन गई है। यह एक फैशन की तरह महिलाओं के मध्य फैल कर उन्हें नशे की लत में डुबोने लगा है। मनोवैज्ञानिक डॉक्टरों के अनुसार नशा मनुष्य के जीवन के लिए जहर जैसा है, नशे की लत में वैवाहिक जीवन भी टूटने के कगार पर आ जाता है ।मनुष्य के शरीर का लीवर, किडनी तथा अन्य अंग खराब होकर मृत्यु की ओर ले जाने को तत्पर रहते हैं। नशे से दूर रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तथा राष्ट्रीय स्तर पर भारत में भी अनेक उपाय किए जा रहे हैं। नशा मुक्ति केंद्र तथा नशे के पदार्थों पर चेतावनी आदि लिखने का काम किया जा रहा है। नशा आज युवाओं को पथभ्रष्ट चरित्रहीन और अपराधी बनाने के पीछे एक बड़ा घातक कारण है। नशे की प्रवृत्ति से बचाने के लिए मनुष्य को नशे से हर हाल में दूर रखना होगा अन्यथा आने वाली पीढ़ी राष्ट्रीय चरित्र राष्ट्रीय सम्मान तथा राष्ट्रीय शक्ति को भूलती जाएगी और नशे की लत में युवा अपने कर्तव्य से परे हो जाएगा। जोकि एक बहुत खतरनाक स्थिति होगी।

## संपादकीय

# भौतिकवाद का परचम, अदृश्य नैतिक सिद्धांत

यह कहावत एकदम सत्य है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहींस यदि सत्य सच्चाई नहीं होती तो मानव जीवन नहीं होता क्योंकि प्रगति पहाड़ झरना नदिया जंगल बुक और प्रकृति द्वारा दिए गए प्रतिशत के रूप में मानव सहित सांसारिक जीव जंतु प्राकृतिक सत्य की उत्पत्ति हैस और यह भी सत्य है कि मनुष्य अपने लालच,स्पृहा, कामना,कपट के चलते असत्यता झूठ और फरेब का सहारा और वैशाखी लेकर त्वरित लाभ के लिए जीवन के भाव सागर में कूद पड़ता है परंतु सत्य ही अंतिम सत्य है परंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के हर पहलू से अरे होती जा रही है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे। आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज में फैल गया है ।इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा हैस प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक,सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया हैस भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा हैस व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा हैस समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्र्व स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है । सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफअसत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है। नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है। हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं और ऐसे बनावटी परिवेश में व्यक्ति तथा समाज अपनी भौतिक मानसिक विलासिता तथा सफ्लता के दायरे में सिमट कर रह गया है। इसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति अत्यंत उन्मुक्त निसंकोच तरीके से असत्य का सहारा लेने से भी नहीं चूक रहा है। भौतिक सुख साधनों की लालसा में मनुष्य में साधनों की सत्यता तथा शुद्धता फिर भी गहरा समझौता कर समाज में असामाजिक व्यवहार को अपना लिया है जिसके दूरगामी परिणाम भारतीय समाज के लिए अच्छे संकेत नहीं है। आज मनुष्य नैतिकता एवं अनैतिकता की बारीक लकीर हो पहचानने से काफी दूर हो गया है तथा भौतिक विकास के लिए किसी भी साधन को अपनाने से नहीं परहेज करता है। मानव बुद्धि विवेक संपन्न होने के कारण भौतिक सुख सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए हर तरह के उपायों को नए-नए हथकंडे के रूप है उपयोग करने लगा है जिससे समाज मे विसंगतियां पैदा होकर आत्मीय संबंधों की बलि चढ़ गई है। आदिकाल से ऐतिहासिक तौर पर भी मानव की सच्चरित्रता पर सवालिया निशान खड़े होते रहे हैं। समाज ने आपसी संबंधों को संचालित करने के लिए कुछ आदर्श मापदंड का प्रावधान भी रखा है जिनमें सबसे महत्वपूर्ण सावधान सत्य बोलने का है किंतु मनुष्य अपने सुख साधन बटोरने के लिए सदैव सत्य से परहेज करने लगा जिससे मनुष्य नैतिकता से काफी दूर हो गया एवं सामाजिक मान्यताओं को छिन्न-भिन्न करता आया है। आज भौतिक साधन संपन्नता समाज में सर्वोच्च शिखर पर है और समाजिक व्यक्तिगत आत्मीय संवेदनशील संबंध ताक पर रख दिए गए हैं। नैतिकता सिद्धांतों की परिपाटी नष्ट प्राय होती जा रही है। ऐसे में एक आदर्श समाज की कल्पना बेमानी हो गई है। आज हमें सामाजिक मूल्यों को बचाने आत्मीय संबंधों की रक्षा करने के लिए सत्य तब और संयम का सहारा लेने की आवश्यकता होगी अन्यथा भारतीय समाज को पश्चिमी समाज के रूप में यहां संवेदनशीलता आत्मीयता और मानवीय संबंधों की गरिमा खत्म होने के कगार पर है अपनाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा एवं भारतीय मूल्य संस्कार संस्कृति धीरे धीरे सनातनी समाज से दूर होते जाएंगे और हम हाथ में हाथ धरे देखते रह जाएंगे। आज नैतिकता केवल दूसरों के लिए उपदेश देने की वस्तु बन कर रह गई है। मनुष्य सामाजिक व्यवस्था का स्वयं निर्माता है किंतु नैसर्गिक रूप से लोभी,आलसी, तथा संग्रहण की प्रवृत्ति वाला हो चुका है ऐसे में कम परिश्रम में ज्यादा लाभ प्राप्त करने के लिए असत्य फरेब एवं जालसाजी का ही सहारा लेकर अनैतिकता का परचम फैलाने में लगा हुआ है।

# ईवीएम पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर



भारत में जब से ईवीएम का इस्तेमाल की शुरूआत से उस पर सवालिया निशान भी लगते रहे हैं। इस बार सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि चुनाव ईवीएम से ही होंगे। लोकसभा चुनाव की वोटिंग के बीच इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (म्टड) और वीवीपैट को लेकर सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला आया है, उससे ईवीएम पर सवाल उठने भले ही कम हों न हों, लेकिन एक बात तो तय है कि अब भारत में चुनाव का वर्तमान और भविष्य तो ईवीएम ही है, जिसपर सवाल उठाने से पहले कई बार सोचना पड़ेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने जो फैसला दिया है, वो हर चुनाव में इस्तेमाल हो रहे ईवीएम की जरूरत पर एक मुहर की तरह है, जिसका फिलहाल कोई दूसरा ऑप्शन नहीं है। लेकिन ईवीएम को लेकर जब केंद्र की सत्ता में कांग्रेस थी, तो बीजेपी सवाल उठाती थी और अब जब पिछले 10 साल से बीजेपी केंद्र की सत्ता में है तो कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल ईवीएम पर सवाल उठाते हैं। यह मामला पिछली सदी में अस्सी के दशक का है। चुनाव आयोग ने संविधान के अनुच्छेद 324 से मिले अपने अधिकार का इस्तेमाल करके 1982 में केरल विधानसभा चुनाव में पनुर सीट के 84 में से 50 बूथों पर ईवीएम का इस्तेमाल किया था। इस चुनाव में सीपीआई के उम्मीदवार सिल्वा पिल्लई ने कांग्रेस के अम्बट चाको जोस को 123 वोट से हरा दिया था। हारे हुए उम्मीदवार ने निचली अदालत में नतीजे को चुनौती दी तो निचली अदालत ने याचिका खारिज कर दी और कहा कि चुनाव आयोग ने जो किया है ठीक किया है। लेकिन बाद में सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस मुर्तुजा फज़ल अली, जस्टिस ए वरदराजन और जस्टिस रंगनाथ मिश्र की बेंच ने इस पर विचार किया और नतीजे को रद्द कर दिया। फिर बैलेट से चुनाव हुआ और उसमें ईवीएम से जीता हुआ उम्मीदवार हार गया। क्या पता भविष्य में फिर ईवीएम की बजाय बैलेट से चुनाव हो और उसमें भी ईवीएम से जीतने वाले लोग हार जाएं!

भविष्य किसने देखा है? ईवीएम को लेकर समय-समय पर याचिकाएं दाखिल होती रही हैं। कभी कहा जाता है कि ईवीएम से छेड़छाड़ हो सकती है तो कभी कहा जाता है कि ईवीएम को हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव करवाया जाए। कभी कहा जाता है कि ईवीएम के साथ जो वीवीपैट होता है यानी कि आपने जो वोट दिया है, वो किसको गया है उसकी पर्ची का ईवीएम में दर्ज वोटों के साथ मिलान किया जाए। जितने लोग उतने तर्क और उनकी ही अलग-अलग याचिकाओं पर हर बार कोर्ट में सुनवाई होती है और हर बार फैसला ईवीएम के पक्ष में ही आता है। अब तो सुप्रीम कोर्ट के दो जजों जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने ईवीएम पर जो फैसला दिया है, उसने ईवीएम की ईमानदारी पर मुहर लगा दी है। इस बार सुप्रीम कोर्ट के सामने मुख्य रूप से दो अपील की गई थी। पहली तो ये कि पूरा चुनाव ही ईवीएम से न करवाकर बैलेट पेपर से करवाया जाए।

दूसरी याचिका एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स यानी कि एडीआर की ओर से दाखिल की गई थी। इसमें कहा गया था कि ईवीएम के वोट और वीवीपैट की पर्चियों का 100 फीसदी मिलान किया जाए, क्योंकि अभी तक किसी भी एक निर्वाचन क्षेत्र में पांच ईवीएम के वोटों का ही वीवीपैट पर्चियों से मिलान होता है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच में लंबी बहस हुई। 24 अप्रैल 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया और 26 अप्रैल को अदालत का आखिरी फैसला आया। फैसले को अगर संक्षेप में समक्षे तो चुनाव ईवीएम से ही होंगे, बैलेट पेपर से चुनाव नहीं होंगे। नतीजे में जो उम्मीदवार दूसरे या तीसरे नंबर पर है और अगर उसे लगता है कि गड़बड़ी हुई है तो वो रिजल्ट घोषित होने के 7 दिनों के अंदर जांच की मांग कर सकता है। जांच इंजीनियरों की एक टीम करेगी। इस जांच का खर्च उम्मीदवार को उठाना होगा। कोई भी गड़बड़ी साबित होने की स्थिति में खर्च किया गया पैसा वापस किया जाएगा। वोटिंग के बाद ईवीएम को सील किया जाएगा और इसे 45 दिनों तक सुरक्षित रखा जाएगा। इन बड़े बिंदुओं के अलावा सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को कुछ सुझाव भी दिए हैं. सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा है कि इलेक्ट्रॉनिक मशीन के वोट और वीवीपैट की पेपर स्लिप की गिनती का जो सुझाव है, वो अमल में लाया जा सकता है या नहीं, इसकी तहकीकात कीजिए ।आयोग को ये भी देखना चाहिए कि क्या चुनाव निशान के अलावा हर पार्टी के लिए अलग से कोई बारकोड भी हो सकता है या नहीं ।ईवीएम पर सुप्रीम कोर्ट के आए ताजातरीन फैसले का पूरा मजमून बस यही है ।हालांकि बहुत कम उम्मीद है कि ईवीएम पर सवाल और ईवीएम का बवाल कभी खत्म भी हो पाएगा। चुनाव के पहले और नतीजों के आने के बाद ईवीएम ( इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) को लेकर फैलाये जाने वाले झूठ को लेकर निर्वाचन आयोग के साथ सुप्रीम कोर्ट भी सख्त है। सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम से जुड़े दो ऐसे ही मामलों से जुड़ी याचिकाओं को न सिर्फ खारिज किया, बल्कि एक याचिकाकर्ता पर जुर्माना भी लगाया है। सुप्रीम कोर्ट अब तक ईवीएम से जुड़ी चालीस याचिकाओं को खारिज कर चुका है। यह सभी याचिकाएं ईवीएम की चोरी, गड़बड़ी और कमियों से जुड़ी थी।

हालांकि, इसे लेकर कोई सबूत पेश नहीं किए गए थे। ज्ञात हो कि पहली बार जो बड़ा फैसला आया था, वो आया था 2011 में जिसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ही चुनाव आयोग ने वीवीपैट का इस्तेमाल शुरू किया था। उससे पहले सिर्फ और सिर्फ ईवीएम ही थी, जिसमें एक बार आपने बटन दबा दिया तो वोटिंग हो गई। फिर आप उसे देख नहीं सकते, लेकिन वीवीपैट के आने के बाद ये हुआ कि वोटर ये देख सकता है कि उसका वोट किसे गया है। अब ईवीएम का बटन दबाने के बाद वीवीपैट से एक पर्ची निकलती है, जो सात सेकेंड तक बाहर रहती है और जिसे वोटर देख सकता है। 7 सेकेंड के बाद पर्ची वापस मशीन में चली जाती है, तो ये सिस्टम भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ही लागू हुआ, जिसे 2014 के लोकसभा चुनाव में पहली बार इस्तेमाल किया गया।

# वैश्विक ऊंचाई पर खिलौना कारोबार

**अधिकांश भारतीय खिलौने ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर उपलब्ध कराए जाने चाहिएं, ताकि घरेलू खिलौनों की बिक्री को और बढ़ाया जा सके। यह भी जरूरी है कि सरकार के द्वारा प्रस्तावित की गई पारंपरिक और यांत्रिक खिलौनों दोनों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शीघ्र शुरू की जाए। देश में सुगठित खिलौना प्रशिक्षण और डिजाइन संस्थान की स्थापना को मूर्तरूप देना होगा**



हाल ही में केंद्रीय व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारत के खिलौना उद्योग ने वित्त वर्ष 2014-15 से वित्त वर्ष 2022-23 के बीच तेजी से प्रगति की है और निर्यात में 239 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई तथा आयात में 52 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। निःसंदेह इस समय पूरी दुनिया में यह रेखांकित हो रहा है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान से भारत का खिलौना उद्योग वैश्विक ऊंचाई पर है। स्थिति यह है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान ने खिलौना विनिर्माण क्षेत्र में चीन को झटका देते हुए खिलौना निर्माण को भारत के लिए फायदे का सौदा साबित कर दिया है। गौरतलब है कि चीन से खिलौनों की खरीददारी करने वाले कई खरीददार अब तेजी से भारत की ओर रुख कर रहे हैं। यह कोई छोटी बात नहीं हैं कि दुनिया में कोई एक दशक पहले खिलौनों की भारत से मुश्किल से ही किसी तरह की खरीददारी होती थी। लेकिन मेक इन इंडिया के कारण कई बड़ी-बड़ी खिलौना कंपनियों ने भारत में खास तौर से दिल्ली में अपना आधार तैयार किया है, जो आज अंतरराष्ट्रीय खिलौना कंपनियों को भी आपूर्ति करती है। इस समय हैस्ब्रो, मैटल, स्पिन मास्टर और अर्ली लर्निंग सेंटर जैसे खिलौनों के वैश्विक ब्रांड आपूर्ति के लिए भारत पर अधिक निर्भर हैं। साथ ही खिलौनों के लिए विश्व प्रसिद्ध इटली की दिग्गज कंपनी ड्रीम प्लास्ट, माइक्रोप्लास्ट और इंकास आदि खिलौनों के लिए अपना ध्यान धीरे-धीरे चीन से भारत पर केंद्रित कर रही हैं। अब वह समय बीत गया है कि जब पांच-छह वर्ष पहले तक भारत खिलौनों के लिए बहुत कुछ दूसरे देशों पर निर्भर था और भारत में 80 फीसदी से अधिक खिलौने चीन से आयात किए जाते थे। साथ ही लगातार विभिन्न सर्वेक्षणों में कहा जा रहा था कि चीन से आयातित दो-तिहाई खिलौने असुरक्षित थे। चीनी खिलौने में सीसा, कैडमियम और बेरियम के असुरक्षित तत्व पाए गए थे। अब भारत से खिलौनों के तेजी से बढ़ते हुए निर्यात और घटते हुए आयात का नया लाभप्रद अध्याय भी रेखांकित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि इस समय देश और दुनिया में भारतीय खिलौना उद्योग की बहुत कम समय में हासिल ऐसी सफलता रेखांकित हो रही है, जिसकी कभी किसी ने कल्पना तक नहीं की थी। इस समय चारों ओर भारत के सस्ते और गुणवत्तापूर्ण खिलौना उद्योग का सुकूनदेह परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। साथ ही भारत का खिलौना निर्यात पांच-छह वर्षों में तेजी से बढक़र 2600 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया है। भारत से अमरीका, ब्रिटेन, यूरोपीय यूनियन, आस्ट्रेलिया, यूएई, दक्षिण अफ्रीका सहित कई देशों को खिलौने निर्यात किए जा रहे हैं। इस समय भारतीय खिलौना उद्योग का कारोबार करीब 1.5 अरब डॉलर का है जो वैश्विक बाजार हिस्सेदारी का 0.5 फीसदी मात्र है, लेकिन जिस तरह भारत में खिलौना उद्योग को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, उससे खिलौना उद्योग छलांगे लगाकर बढ़ते हुए इसी वर्ष 2024 में 3 अरब डॉलर तक की ऊंचाई पर पहुंचने की संभावनाएं रखता है।

यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि देश और दुनिया में भारतीय खिलौना बाजार को ऊंचाई मिलने के कई कारण हैं। इसमें कोई मत नहीं है कि 'मन की बात' के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार देश के लोगों को स्वदेशी भारतीय खिलौनों को खरीदने, घरेलू डिजाइनिंग को सुदृढ़ बनाने, भारत को खिलौनों के लिए एक वैश्विक विनिर्माण हब बनाने की अपील की। खिलौनों की बिक्री के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की मंजूरी जरूरी होना, संरक्षणवाद, चीन-प्लस-वन रणनीति और मूल सीमा शुल्क बढ़ाकर 70 प्रतिशत किए जाने से भारत के खिलौना उद्योग में तेजी आई है। बीआईएस मानक चिन्ह वाले खिलौनों के निर्माण के लिए बीआईएस ने घरेलू निर्माताओं को 1200 से अधिक लाइसेंस और विदेशी निर्माताओं को 30 से अधिक लाइसेंस प्रदान किए हैं। सरकार के प्रयासों से भारतीय खिलौना उद्योग के लिए अधिक अनुकूल विनिर्माण परितंत्र बनाने में मदद मिली है। 2014 से 2020 तक 6 वर्षों की अवधि में सरकार के समर्पित प्रयासों से विनिर्माण इकाइयों की संख्या दोगुनी हो गई है, आयातित वस्तुओं पर निर्भरता 33 प्रतिशत से घटकर 12 प्रतिशत हो गई है। वर्तमान में एमएसएमई मंत्रालय 19 खिलौना उत्पादन केंद्रों की मदद कर रहा है, और वस्त्र मंत्रालय 13 खिलौना उत्पादन केंद्रों को खिलौनों का डिजाइनिंग तैयार करने और जरूरी साधन मुहैया कराने में मदद कर रहा है। स्वदेशी खिलौनों को बढ़ावा देने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रचार पहल भी की गई हैं, जिनमें दि इंडियन टॉय फेयर 2021, टॉयकैथॉन आदि शामिल हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने घटिया स्तर के खिलौनों के आयात पर अंकुश लगाने के लिए प्रत्येक आयात खेप का नमूना परीक्षण अनिवार्य कर दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014-15 के बाद से लगातार वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट तक में सरकार ने खिलौना उद्योग के विकास के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहन और समर्थन देने की रणनीतिक पहल की है। सरकार ने खिलौना उद्योग को देश के 24 प्रमुख सेक्टर में स्थान दिया है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारतीय खिलौनों को वैश्विक खिलौना बाजार में बड़ी भूमिका निभाने हेतु खिलौना उद्यमियों को प्रेरित किया गया है।

# आज का राशिफल

**मेष**:- पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**बृषभ**:- मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**मिथुन**:- आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कक**र्:- पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंह**:- मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्य का ध्यान रखें।

**कन्या**:- मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों कों भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतण्रख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

**तुला**:- आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिक**:- आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनु**:- निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकर**:- मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभ**:- अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीन**:- किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# सांसद समिति ईरानी आज तीसरी बार अमेठी में भाजपा प्रत्याशी के तौर पर करेंगी नामांकन

## स्मृति ईरानी के साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव नामांकन के पूर्व करेंगे रोड़ शो

**सवांददाता अमेठी।** लोकसभा क्षेत्र में प्रत्याशी के तौर पर आज संसद अमेठी स्मृति जुबिन ईरानी नामांकन करेंगी जिसको लेकर भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारी की गई हैं। गौरतलब रहे की अमेठी सांसद स्मृति जुबिन ईरानी आज तीसरी बार अमेठी लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी के तौर पर नामांकन करेगी और स्मृति जुबिन ईरानी के नामांकन को लेकर अमेठी प्रसासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं वहीं बीजेपी अमेठी द्वारा स्मृति ईरानी के नामांकन को ऐतिहासिक बनाने के लिए भारी भीड़ जुटाने की कवायद की गई है। सुबह जहां मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अमेठी पहुंचेंगे इसके बाद सांसद स्मृति ईरानी के लिए साथ में रोड शो करेंगे और भारी भीड़ के साथ नामांकन स्थल पहुंचकर सांसद स्मृति ईरानी द्वारा नामांकन किया जाएगा वही उत्तर प्रदेश की सबसे चर्चित सेट अमेठी लोकसभा क्षेत्र का सियासी पारा काफी गर्म है जहां कांग्रेस की तरफ से अभी कोई भी प्रत्याशी नहीं घोषित किया गया है और प्रत्याशी को लेकर कांग्रेस ने सस्पेंस बरकरार रखा है वहीं कयास लगाए जा रहे हैं कि राहुल गांधी यहां से चुनाव लड़ेंगे वहीं रॉबर्ट वाड्रा व प्रियंका गांधी को लेकर भी चर्चा लगातार जारी है वहीं दिल्ली में कांग्रेस सीईसी की बैठक के बाद भी प्रत्याशी की घोषणा कांग्रेस द्वारा



नहीं की गई है जहां 26 अप्रैल से नामांकन तिथि प्रारंभ हो गई है वहीं सांसद स्मृति ईरानी के नामांकन के बाद उम्मीद की जा रही है कि कांग्रेस की तरफ से प्रत्याशी घोषित किया जाएगा वहीं आपको बता दें कि सांसद स्मृति ईरानी लगातार अमेठी में कैंप कर रही हैं और जनपद के लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न ब्लॉक क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से जन संवाद कर रही है कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हो रही हैं और जन समर्थन जुटा रही हैं। जहां स्मृति ईरानी अपने निवास मेदन मवई से सुबह क्षेत्र में पहुंचकर लोगों से मिल रही है और जन समर्थन जुटा रही हैं और अपनी जीत के प्रति आस्वस्त दिख रही हैं और भाजपा के कार्यकर्ता और नेता भी पूरे उत्साह में है सांसद स्मृति ईरानी के जीत को लेकर वहीं सांसद स्मृति ईरानी ने रविवार को सुबह अयोध्या में रामलला के दर्शन के पश्चात अमेठी में विभिन्न क्षेत्रों में स्थित प्रसिद्ध पौराणिक सिद्ध स्थलों पर पहुंचकर पूजा अर्चना किया और जीत का आशीर्वाद मांगा इसके बाद वह आज नामांकन करेंगी। भाजपा अमेठी में कांग्रेस को कोई भी मौका नहीं देना चाहती वो कांग्रेस से कोई भी प्रत्याशी राहुल गांधी,राबर्ट वाड्रा,प्रियंका गांधी कोई भी हो इसको लेकर भाजपा के नेताओं कार्यकर्ताओं द्वारा तैयारी भी की गई है जहां चर्चा की जा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी अमेठी दौरा लगेगा और भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है सांसद व नेताओं कार्यकर्ताओं द्वारा जहां पांचवें चरण के मतदान में 2० मई को भाजपा और कांग्रेस व अन्य प्रत्याशियों की किस्मत बंद होगी ईवीएम में और विजयश्री का ताज किसको मिलेगा इसका फैसला मतगणना के बाद पता चलेगा लेकिन वह कांग्रेस हो या बीजेपी हो या अन्य जो भी प्रत्याशी हैं पूरी दमखम से मैदान में है और अपनी जीत को लेकर भाजपा व कांग्रेस दोनों में जीत के दावे किए जा रहें हैं।

## स्कूटी से गौरीगंज कस्बे में अकेले निकली केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी



**अमेठी।** केंद्रीय मंत्री व अमेठी से लोकसभा प्रत्याशी स्मृति ईरानी का नया लुक सामने आया है। आज स्मृति ईरानी को तीसरी बार अमेठी से नामांकन पत्र दाखिल करना है। उसके पहले रविवार देर रात केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मवई स्तिथ अपने निजी आवास से बिना सुरक्षा व प्रोटोकाल के स्कूटी से निकल पड़ी और लोगो से मुलाकात किया। जब अमेठी वासी इस रूप में देखे तो पहले तो पहचान ही नही पाए बाद में लोगो को आवाज लगा कर खुद मिलने लगी मौजूद लोगो ने वीडियो बनाया और फोटो भी खींचा केंद्रीय मंत्री ने लोगो का हालचाल पूछा और नामांकन के लिए भी आमंत्रित किया।

## ब्राइट फ्यूचर के शिव मार्ट का शानदार शुभारंभ



**रायबरेली।** आयुर्वेदिक कंपनी ब्राइट फ्यूचर लाइफ केयर प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से भीतरी सेमरी में शिव मार्ट का शुभारंभ हुआ ।कंपनी के डायरेक्टर हुसैन व व्यापार मंडल लालगंज के नगर अध्यक्ष राहुल भदोरिया ने फीता काट कर किया ।उद्घाटन मार्ट के मालिक रामजी पांडे ने पांडे मार्केट भीतरी में शानदार आयुर्वेदिक स्टोर ओपन किया। अच्छे उत्पादन के साथ अच्छी इनकम करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष राहुल भदोरिया ने कहा कि आने वाला समय आयुर्वेद का है ।इस कार्यक्रम मे सचिन सिंह ,सौरभ सिंह, बी साहू लखनऊ विजय तिवारी, राजू तिवारी सुभाष सिंह ,अतुल त्रिपाठी, विजय तिवारी, शिवम ,शुभम सिंह आदि कंपनी के लीडर्स उपस्थित रहे।कई बीमारियों पर शानदार परिणाम मिल रहे हैं? गैस ,बवासीर लिकोरिया सर्वाइकल के बीमारियों में शानदार परिणाम के लिए आप ब्राइट फ्यूचर के प्रोडक्ट उपयोग कर सकते हैं और आर्थिक आजादी के मिशन में आप शामिल हो सकते हैं।

## गुरु तेग बहादुर साहिब का 76वां प्रकाश उत्सव आज

**अहरौरा,मिर्जापुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिखों के छठे गुरु तेग बहादुर साहिब जी का 76वां प्रकाश उत्सव सोमवार को बड़े ही धूमधाम से सिंह सभा गुरु तेग बहादुर साहिब टिकरा खरंजा स्थित गुरुद्वारे में मनाया जायेगा। जिसमें सुबह से अखंड पाठ साहिब की समाप्ति एवं आए हुए ज्ञानी द्वारा भजन कीर्तन तथा दोपहर में प्रसाद वितरण के रूप में अटूट लंगर का आयोजन किया गया है तदुपरांत सायं 5 बजे नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें काफी संख्या में जनपद के अलावा विभिन्न जनपदों एवं क्षेत्र के सिख समुदाय के लोग उपस्थित रहेंगे ।गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सतपाल सिंह ने क्षेत्र के लोगों से आग्रह किया है कि गुरु तेग बहादुर साहिब के 76 वें प्रकाश उत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाने के लिए आप सभी लोग गुरुद्वारा परिसर में उपस्थित होकर भजन कीर्तन का लाभ उठाएं एवं अटूट लंगर एवं शोभायात्रा में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

## बार एसोसिएशन में हुए वित्तीय घोटाले की शिकायत की गई बार काउंसिल एवं उप निबंधक से

### वरिष्ठ कार्यकारी सदस्यों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बुलंद की आवाज

**सुलतानपुर।** बार एसोसिएशन में वित्तीय भ्रष्टाचार की शिकायत का मामला ज़ोर पकड़ता जा रहा है ?बार एसोसिएशन के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य राममणि मिश्रा ने बार एसोसिएशन में हुए वित्तीय घोटाले एवं भ्रष्टाचार को लेकर कार्यकारिणी के 1० सदस्यों के हस्ताक्षर युक्त शिकायती पत्र अध्यक्ष अरविंद पाण्डेय को दिया तो अध्यक्ष ने शिकायती पत्र को कम्प्यूटर आपरेटर सुधांशु के पास देने को कहा जिसको शिकायकर्ता ने सुधांशु के पास जमा भी कर दिया। शिकायती पत्र पर कोई कार्यवाही न होता देख शिकायतकर्ता ने कार्यकारिणी के कुछ सदस्यों के साथ मिलकर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विद्या भूषण पांडेय को भी शिकायती पत्र दिया लेकिन उस पर भी कोई कार्यवाही नहीं हो सकी ! जिससे खार खाए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद पाण्डेय द्वारा उल्टा शिकायतकर्ता के खिलाफ ही नियमों को दरकिनार कर बिना कोई कार्यकारिणी की बैठक बुलाए वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य राममणि मिश्रा के खिलाफ निलंबन की कार्यवाहीं करते हुए नोटिस जारी कर दिया ! निलंबन की सूचना मिलते ही कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्यों में आक्रोश फैल गया ! जिसको लेकर शिकायतकर्ता वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य राममणि मिश्रा द्वारा बार एसोसिएशन में हुए वित्तीय घोटाले एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत अध्यक्ष बार काउन्सिल ऑफ उ०प्र० प्रयागराज एवं उप निबंधक चिट्स फर्म्स अयोध्या को प्रेषित करते हुए भ्रष्टाचार की जांच अपने स्तर से एक टीम गठित करने के साथ ही निलंबन नोटिस की कार्यवाही को स्थगित करने की मांग की है!

## सूखे पड़े तालाब व तपती धूप में पानी को तरस रहे बेसहारा पशु-पक्षी

### सूखे पड़े तालाबों को भरवाने के लिए नहीं उठाए जा रहे कोई कारगर कदम



**सुलतानपुर।** केंद्र सरकार द्वारा गांवों में तालाबों का अस्तित्व बरकरार रखने के लिए मनरेगा के तहत कार्य कराने की योजना संचालित की गई। सौंदर्यीकरण के नाम पर काफी धनराशि मुहैया कराई गई। इसी के तहत लंभुआ ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत मदनपुर पनियार सहित कई गांवों में तालाबों की खुदाई कराई गई थी। पानी के अभाव में पशु पक्षियों के लिए पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है। गर्मी की शुरुआत के साथ ही अधिकांश तालाब सूखे पड़े हैं। इनके भरवाने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। ऐसे में एक ओर जहां पशु, पक्षियों के समक्ष पानी का संकट खड़ा हो गया है। तो दूसरी ओर पशु पक्षियों को प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। पशुपालकों को भी अपने पालतू मवेशियों के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। इनके भरवाने के लिए नहर व ट्यूबवेल ही साधन हैं। तालाबों के न भरने से ग्रामीण चिंतित दिखाई पड़ रहे हैं। लेकिन अभी तक इनमें पानी नहीं छोड़ा जा सका ,जिससे इन पर निर्भर पशु, पक्षियों को राहत मिल सके। वैसे स्थानीय सांसद मेनका संजय गांधी पशु प्रेमी है और इस समय चुनावी पर्व के कारण वह जीरो ग्राउंड पर सड़क सड़क, गली-गली, गांव-गांव तक जा भी रही है। देखना है कि हकीकत से रूबरू होने के बाद सांसद की तरफ से इस समस्या पर क्या पहल की जाती है।

## दोस्त की पत्नी को बेसुध कर किया दुष्कर्म, कोर्ट के आदेश पी पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**लखनऊ।** मड़ियांव कोतवाली अंतर्गत दोस्त की पत्नी को प्रसाद में नींद की गोलियां खिलाकर उससे दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने उसका आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया है। होश में आने के बाद महिला ने विरोध किया तो आरोपी सोशल मीडिया पर उसका वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। इसके बाद आरोपी दो वर्षों तक उसका यौन शोषण करने लगा। हालांकि, कोर्ट के आदेश पर मड़ियांव पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र के मुताबिक, क्षेत्र की रहने महिला ने सोनू उर्फ आशीष शर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि आरोपी उसके पति का दोस्त है। जिस वजह से आरोपी उसके घर अक्सर आता जाता था। दो वर्ष पूर्व आरोपी दोस्त की गैर मौजूदगी में उसके घर पहुंचा। जिसके बाद प्रसाद में नींद की गोलियां मिलाकर महिला को खिला दिया। प्रसाद का सेवन करने से महिला का सिर चकराने लगा और वह बेसुध हो गई। तभी आशीष ने बेहोशी की हालत में उससे दुष्कर्म किया। होश में आने पर महिला ने विरोध किया तो आरोपी उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी देते हुए उसके आपत्तिजनक वीडियो को वायरल करने की बात करने लगा। महिला का आरोप है कि दो वर्षों तक आशीष उसे ब्लैकमेल कर यौन शोषण करने लगा। गत 9 जनवरी 2०24 को आरोपी ने उससे संबंध बनाने का दबाव बनाया तब महिला ने इंकार कर लिया। इस पर आरोपी ने महिला की पिटाई कर दी। इसके बाद पीड़िता ने मड़ियांव थाने में तहरीर दी। बावजूद इसके पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। हालांकि कोर्ट के आदेश पर मड़ियांव पुलिस ने आरोपी पर दुष्कर्म की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# मुसीबत हो तब हर मर्ज की दवा है आपकी सांसद: मेनका गांधी

### ⇨ सुलतानपुर विधान सभा में डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को किया संबोधित



**सुलतानपुर।** सांसद मेनका संजय गांधी ने चुनावी कैंपेन के 24 वें दिन सुलतानपुर विधान सभा में डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। अमहट में पूर्व सैनिक रेवती रमण तिवारी के संयोजन में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा मेरे पिता भी सैनिक थे ।1971 की लड़ाई में वह लद्दाख में थे,तब मैं डर कर बहुत रोई थी। मेरी और मेरे भाई बहनों की पढ़ाई हिमाचल प्रदेश में स्थित लॉरेंस स्कूल, सनावर में हुई ।मेरे रोम-रोम में सैनिक का खून है। मैं समय की बहुत पाबंद भी हूं। राजनीति में जब मैं लेट होती हूं तब मुझे खुद पर चिढ़ आती है ।मुझे सैनिकों की सेवा व अनुशासन पर बहुत गर्व है ।मैं प्रात 7 बजे से जनता दरबार लगाकर लोगों से सीधे मिलती हूं ।किसी के साथ अन्याय हुआ हो किसी की जमीन किसी ने कब्जा कर ली हो,किसी का सरकारी अफसर काम न कर रहा हो ।मुसीबत हो तब आपकी सांसद हर मर्ज की दवा है। इस बार हम तीन- चार लाख वोट से जीते तो जिले का हर व्यक्ति ताकतवर होगा ।सांसद मेनका गांधी ने बलरामऊ में रूस्तम हाशमी,जया सिंह व गुलफूल बेगम के संयोजन में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा मैं मां हूं ।मुझे हिंदू - मुसलमान सब माता जी बोलते हैं। हम भेदभाव नहीं प्यार और सेवा की राजनीति करते हैं। विधायक विनोद सिंह व रुद्र नारी संस्थान की अध्यक्ष जया सिंह ने भी सभा को संबोधित किया। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि सांसद ने रविवार को डेढ़ दर्जन स्वभाव को संबोधित किया ! इस दौरान डिंपल सिंह,युवा नेता बृजेश वर्मा (जय भारत) आनन्द चौबे,काली सहाय पाठक,मंडल अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव,राम अभिलाष सिंह,सुभाष वर्मा,जंग बहादुर सिंह,रिंकू यादव, संतोष सिंह, सतीश सिंह, गोविंद त्रिपाठी, राम सुन्दर कोरी, वीरेंद्र भार्गव आदि मौजूद रहे।

## लखनऊ शहर मेट्रोपॉलिटन सिटी के तरह होगा विकसित: आनंद द्विवेदी

**लखनऊ।** पूर्वी विधानसभा के तहत विकासनगर स्थित शहनाई गेस्ट के बाहर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमे लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, भाजपा उपचुनाव प्रत्याशी ओ पी श्रीवास्तव, महानगर उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, विवेक सिंह तोमर, विजय भुर्जी उपस्थित रहे। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बड़ी संख्या में उपस्थित क्षेत्र वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत राजनाथ सिंह लखनऊ के विकास के लिए हमेशा चिंतित रहते हैं उनका कहना है अभी जो लखनऊ के विकास कार्य हुए हैं उनसे मैं संतुष्ट नहीं हूं अभी इससे कई गुना अधिक विकास कार्य किया जाना बाकी है लखनऊ शहर मेट्रोपॉलिटन सिटी के तरह विकसित हो और रोजगार देने वाला शहर बने। साथ ही यहां का इंफ्रास्ट्रक्चर विश्व स्तरीय बनाने के लिए कार्यरत है। 2० मई मतदान वाले दिन बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी भारतीय जनता पार्टी के कमल वाले निशान पर बटन दबाकर लखनऊ से राजनाथ सिंह को विजयी बनाने और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में सहयोग प्रदान करें। पूर्वी विधानसभा में भाजपा नेत्री स्वाति सिंह द्वारा मास्टर चौराहा महानगर रेलवे क्रॉसिंग पर नुक्कड़ सभा में उपस्थित निवासियों को संबोधित किया। वही उत्तर विधानसभा में विधायक डॉ नीरज बोरा ने महाराजा अग्रसेन मार्ग पांडेय कॉम्पेक्स फैजुल्लागंज तृतीया एवं अयोध्या दास वार्ड में आयोजित नुक्कड़ सभा में उपस्थित रहे। लखनऊ पश्चिम विधानसभा महापौर सुषमा खर्कवाल ने कटरा रामलीला मैदान, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने बरौरा रोड स्थित तिराहा पर, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान द्वारा पुरानी काशीराम कॉलोनी में नुक्कड़ सभाओं का संबोधन किया। मध्य विधानसभा के भाजपा वरिष्ठ पदाधिकारी दनिशी मंझी ने बिल्लौचपुरा चौराहा के कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## मुस्लिम समुदाय के लोगों से राजनाथ सिंह को मिल रहा बड़ा समर्थन

### ⇨ मुस्लिम समाज के लोगों ने ली शपथ भारी मतों से विजय बनाकर भेजेंगे संसद

**लखनऊ।** राजनाथ सिंह के समर्थन में बीजेपी के समर्थक घर-घर जाकर कर रहे वोट की अपील, मुसलमानों ने कहा राजनाथ निर्विवाद नेता हम राजनाथ सिंह को वोट देंगे। बीजेपी नेता घर-घर मीटिंग कर लोगों से वोट डालने की कर रहे अपील वोट डालना जनता का अधिकार है अपना अधिकार ना भूलें, बीजेपी नेता व समाजसेवी मोहम्मद वसी हैदर द्वारा राजनाथ सिंह के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा में वसी हैदर ने जनता से अपील करते हुए कहा कि इसबार हम सब लखनऊ वाले राजनाथ सिंह को रिकॉर्ड मतों से जिता कर संसद भेजेंगे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि अम्बर फाउंडेशन के चेयरमैन वफा अब्बास ने चौक क्षेत्र के बाग मक्का की जनता से रूबरू होते हुए राजनाथ सिंह द्वारा अपने संसदीय क्षेत्र में किये गए विकास कार्यों की चर्चा की तथा लोकप्रिय नेता व प्रत्याशी राजनाथ सिंह को वोट देने की अपील की। वफा अब्बास ने कहा कि अटल बिहारी जैसा नेता समाज को मिलना नामुमकिन है। अटल जी के ही सिद्धांतो पर चल रहे राजनाथ सिंह को लोकप्रिय नेता माना जाता है। जिन्होंने सदैव धर्म जाती से ऊपर उठकर समाज और अपने संसदीय क्षेत्र की जनता के लिये काम किया है। उन्होंने कहा राजनाथ सिंह अपने संसदीय क्षेत्र को बेहतर से बेहतर बनाने का कार्य कर रहे है। और आगे भी इसी तरह जनता की सेवा करते रहेंगे। इस मौके पर पूर्व पार्षद व बीजेपी नेता रजनीश गुप्ता, यूसुफ हुसैन, दानिश अब्बास, शौजब रिजवी, मोहम्मद रिजवान, छोटू, व बड़ी संख्या में अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## बिल्डर ने साथियों के संग मिलकर दंपति पर किया हमला

**लखनऊ।** बाजारखाला थाना अंतर्गत फ्लाईओवरब्रिज पर शनिवार को बिल्डर ने अपने साथियों के साथ बाइक सवार दंपति पर हमला कर दिया। इस हमले में बाइक चला रहे युवक लहूलुहान हो गया। इसके बाद हमलावर घटनास्थल से भाग निकले। हालांकि, राहगीरों की मदद से पुलिस ने घायल को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। जिसके बाद हमलावरों के खिलाफगंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। डीसीपी पश्चिम डॉ.दुर्गेश के मुताबिक, बाजारखाला निवासी कवि तिवारी पत्नी क्षमा तिवारी के साथ शनिवार शाम चंद्रिका देवी मन्दिर दर्शन करने जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में दबंगों ने टुडियागंज ओवरब्रिज पर घेर लिया और हमला बोल दिया। हमले में कवि तिवारी को गम्भीर चोट आई है। पत्नी क्षमा तिवारी का आरोप है कि बिल्डर पिछले काफी समय से उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। हमलावर मेहंदीगंज के ही रहने वाले हैं। प्रभारी निरीक्षक संतोष आर्या ने बताया कि दोनों पक्षों में एक जमीन को लेकर विवाद हुआ है। पूर्व कवि तिवारी पर भी एफआईआर की गई थी।

## सिलेंडर ब्लास्ट से मकान गिरा, एक वर्षीय मासूम समेत चार गंभीर रूप से घायल

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चौक इलाके में एक दर्दनाक हादसा हुआ जहां एक मकान में खाना बनाते समय रसोई गैस का सिलेंडर फट गया जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान घर में एक मासूम बच्ची सहित परिवार के चार सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम मामले की जांच कर रही है। पड़ोसियों ने बताया कि खाना बनाते समय एकदम से सिलेंडर ब्लास्ट हो गया जिससे मकान गिर गया।

सिलेंडर फटने की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग दहशत में आ गए। बाहर निकले लोगों ने देखा कि मकान गिरा हुआ है जिसके बाद पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड पुलिस की टीम में कार्रवाई करते हुए गंभीर रूप से चोटिल बच्ची व परिजनों को अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसा चौक थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिया पीजी कॉलेज के पास स्थित एक गली में हुआ है। यहाँ पर गुलाब कश्यप के मकान में खाना बनाते समय अचानक सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। लोगों ने बताया कि सिलेंडर से गैस लीक हो रही थी इस दौरान सिलेंडर में आग लग गई जिसके चलते सिलेंडर ब्लास्ट हुआ। हादसे में राजकुमार कश्यप, पिंकी कश्यप, जगदीश, और 1 वर्षीय विदिशा गंभीर रूप से घायल हुई है। अधिकारियों ने बताया कि आज लगभग 11.55 पर चौक फायर स्टेशन पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना चौक के अंतर्गत शिया पीजी कॉलेज के पास एक गली में मकान गिर गया है उसे पर तत्काल कार्रवाई करते हुए चौक फायर स्टेशन से 533० और 3369 दो गाड़ियां घटना स्थल के लिए भेजे गए घटनास्थल पर पहुंच कर देखा गया की गुलाब कश्यप का मकान सिलेंडर फटने के कारण गिर गया है जिसमें चार लोग घायल हुए जिन्हें स्थानी पुलिस की सहायता से उचित इलाज हेतु ट्रामा सेंटर भिजवा दिया गया।

## मोदी के होते हुए किसी की औकात नहीं संविधान को हटा दे: स्वतंत्र देव सिंह



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की मौजूदगी में रविवार को रुदौली विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत श्री राम सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज आजाद नगर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में रुदौली विधान सभा के सभी मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वही मुख्य अतिथि रहे जल शक्ति मंत्री ने विपक्षी पार्टियों पर जम कर निशाना साधा। बताया कि सपा और कांग्रेस किसान हितैसी नहीं, किसान विरोधी हैं। रविवार को विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत श्री राम सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज आजाद नगर में भाजपा द्वारा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया इस सम्मेलन में विधान सभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष,बूथ अध्यक्ष सहित अन्य भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे स्वतंत्र देव सिंह का रुदौली विधायक रामचंद्र यादव और भाजपा से लोक सभा प्रत्याशी लल्लू सिंह व जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने माला पहना कर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को सर्व प्रथम रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि रुदौली विधान सभा वह धरती है जब 2०12 में सपा की लहर थी तब भी यहां की जनता ने भाजपा को जीत दिलाई थी और जो सपा के लोक सभा प्रत्यासी है यह उस समय किसानों को 6० और 1०० रुपए के चेक दिए थे जिसके विरोध के बाद 15०० रुपए के चेक दुबारा मिले। मुख्य अतिथि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी पार्टियों के नेता कह रहे हैं कि हम संविधान को खत्म कर देंगे और मैं कहता हूं कि जब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी है तब तक किसी में औकात नहीं है कि संविधान को छू भी ले। भाजपा की ही देन है कि अयोध्या में भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है और महर्षि वाल्मीकि एयर पोर्ट का निर्माण, जम्मू कश्मीर में धारा 37० का हटना आदि विपक्षी दलों को रास नहीं आ रहा है। सभी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक घर जाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओं व सरकार के कार्यों को जन जन तक पहुंचाए।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष महेश ने अपने समर्थकों के साथ स्मृति ईरानी के नामांकन शामिल होंगे



**अमेठी।** केन्द्रीय मंत्री और अमेठी सांसद स्मृति ईरानी कल तीसरी बार अमेठी लोकसभा से अपना नामांकन करेंगी।सांसद के नामांकन में हजारों की भीड़ के शामिल होने का अनुमान है।वही सांसद के नामांकन को लेकर युवाओ में भी जबरजस्त जोश है और अमेठी नगर पंचायत से अपनी पत्नी को चुनाव लड़वा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष महेश सोनी हज़ारों युवाओ के साथ सांसद स्मृति ईरानी के नामांकन में शामिल होंगे।महेश सोनी के नेतृत्व में सैकड़ो गाड़ियों का काफिला अमेठी कस्बे का भ्रमण करते हुए देवी पाटन मंदिर से गौरीगंज भाजपा कार्यालय के लिए रवाना होगा।

# आहिद अदनान ने पौधा रोपकर दी सीख–पेड़ बचेगा तब तो हम बचेंगे



**संतकबीरनगर।** सेमरियावां विकासखंड के ग्राम पंचायत सेहुड़ा निवासी 5 वर्षीय आहिद अदनान पुत्र मो.अदनान पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है तथा हर वर्ष जन्मदिन पर फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाकर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा है।हरविवार को अपने पांचवें जन्मदिन पर आहिद अदनान ने पिता से प्रेरित होकर आम एवं जैतून का वृक्ष लगाकर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।पिता मो.अदनान के अनुसार जन्म के प्रथम वर्ष से ही वह अपने तीन पुत्रों से वृक्षारोपण करवाते हैं तथा पर्यावरण को बचाने हेतु प्रेषित करते हैं। उक्त मासूम बालक द्वारा लगाए गए कई वृक्ष फलदार एवं छायादार हो चुके हैं जिसका लाभ भी मिल रहा है।

## तालाब में डूबने से 12 वर्ष के बालक की मौत



**पौली।** धनघटा थाना क्षेत्र के मुठही खुर्द गांव में रविवा को तालाब कि मिट्टी लेने गये एक बारह वर्ष बालक कि तालाब मे डूबने से मौत हो गई जानकारी मिलने पर स्थानीय थाना क्षेत्र के मुठही खुर्द निवासी लालचन्द का बारह वर्ष का बेटा दिनेश घर पूरब सिवान मे तालाब से मिट्टी लेने गया था। मिट्टी निकालने के बाद स्नान करने लगा। स्नान करते समय गहरे पानी मे चला गया और डूब गया। गाँव के अन्य बच्चो ने शोर मचाना शुरू किया। शोर सुन कर मौके पर पहुँच कर उसे बाहर निकाला और सीएचसी मलौली ले गये।

## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अन्तर्जपदीय की गयी बैरियर की चेकिंग



**मौदहा।** आज पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रचलित लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष–2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा द्वारा थाना मौदहा क्षेत्र अंतर्गत अन्तर्जनपदीय बॉर्डर बैरियर को चेक कर ड्यूटी पर लगे पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक राम आसरे सरोज को निर्देशित करते हुये कहा कि चुनाव के दृष्टिगत बैरियर पर पर्याप्त पुलिस बल लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग करें। साथ ही थाना क्षेत्र अंतर्गत चिन्हित क्रियाशील या ऐसे अपराधी जो आगामी चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं, उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए पाबंद किया जाए।इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## अज्ञात कारणों के चलते विवाहिता ने खाया जहरीला पदार्थ

**मेंहदावल मेल समाचार, मौदहा।** क्षेत्र में एक विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की कोशिश की। परिजनों ने महिला को तड़पता देख आनन फानन में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक इलाज के उपरांत तबीयत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुनेहटा गांव निवासी विवाहिता प्रीति पत्नी शारदा ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया।

## कैंसर पीड़ित विधवा ने लगाया पड़ोसी पर कब्जे का आरोप

**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बे की एक कैंसर पीड़ित विधवा ने नाबालिग बच्चों को साथ लेकर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर पड़ोसी पर जमीन में कब्जा करने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक ने जांच के बाद कार्यवाही के आदेश दिए हैं। सुमेरपुर कस्बे की गुरुगुज थोक निवासी कैंसर पीड़ित विधवा साधना मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक एवं थानाध्यक्ष को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसके स्वर्गीय पति श्रीकांत मिश्रा ने गुरुगुज थोक में सागर मार्ग किनारे एक मकान खरीदा था। इस मकान के ठीक बगल में रामदेवी मिश्रा का मकान है। रामदेवी ने अपने पुत्र कुलदीप, बउवा, कन्हैया के साथ मिलकर कब्जा जमाने की नीयत से रात के अंधेरे में गुमटी रख दी है। मना करने पर सभी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है।

# अवधी साहित्य संस्थान कवि गोष्ठी संपन्न

### तुम्हारी कसम मैं तुम्हारा नहीं हूं भटकती लहर हू किनार नहीं हू डा अर्जुन पांडेय



**अमेठी।** अवधी साहित्य संस्थान अमेठी की ओर से आयोजित कवि गोष्ठी का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और गोस्वामी तुलसीदास जी के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा अर्चना के साथ हुआ। कवि गोष्ठी का प्रारम्भ कवयित्री राजकुमारी संसृति की सरस्वती वंदना से हुआ। कवि गोष्ठी के प्रारम्भ में मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल से पधारे साहित्य मनीषी पुरुषोत्तम तिवारी साहित्यार्थी का स्वागत सम्मान संस्थान की ओर से अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण से किया गया।मुख्य अतिथि पुरुषोत्तम तिवारी साहित्यार्थी ने पढ़ा मेरी अखियां निहार रही डगर डगर,रघुबर कब तक पधारोगे तुम हमारे नगर, अवधी साहित्य संस्थान संस्थान के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पाण्डेय ने पढ़ा तुम्हारी कसम मै तुम्हारा नहीं हूं भटकती लहर हूं किनारा नही हूं ,राम कुमारी संसृति ने पढ़ा इ अमेठी धरा के बहुतै बा नाम मइया जी के धाम बा, इहहै पर विराजै कालिका भवानी, इहहैं पर विराजै देवी पाटन महारानी,अजय अनहद ने पढ़ा डर से दुनिया के गिरा हाथ छुड़ाने वाले तुमसो मेरा ही समझते हैं ज़माने वाले,कवि सुधीर रंजन ने पढ़ा, आंगन बहुत उदास है, सूना घर का कोन। बेटे हैं परदेश में करें कभी ना फोन। जगदम्बा तिवारी मधुर ने पढ़ा कांटों से जाके कह दो यूं ना चुभे बदन में,चलती हवा मधुर सी होता है दर्द तन में। ज्ञानेन्द्र पाण्डेय अवधी मधुरस ने पढ़ा कि ई भगिया कै सुन्नरु लिखत्तर न बाद ।भलु निमरा कै केऊ पुछत्तर न बा ॥ जूता म गड़ी कीलु चुभाई करी। हाँ चतुरा ते केऊ बुझत्तर न बा ।।पप्पू सिंह कसक ने पढ़ा सामान सारा छितरावा बाटै , दिवस प्रताप सिंह ने पढ़ा कइसे शकुनी वाली चाल मां फंसी अमेठी आपन सड़क पर कउनो काम नहीं संउपा कइयौ ज्ञापन।कवि गोष्ठी में सुरेश चंद्र शुक्ल नवीन, एवं सुधा अग्रहरि करने भी काव्य पाठ किया।कवि गोष्ठी में कैलाश शर्मा,अनुभव मिश्र, डॉ अभिमन्यु पाण्डेय एवं हरि ओम् आदि की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही।

## देवर भाभी के विवाद में बीच बचाव करने पहुंची साली के साथ हुई मारपीट

**मौदहा।** देवर भाभी के बीच उपजे विवाद पर बीच बचाव करने पहुंची साली के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी पर कोतवाली पुलिस ने देवर व पति के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के परछा गांव निवासी फारुख ने तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन का विवाह हसन के साथ संपन्न हुआ था। जिसमें कुछ दिन के बाद से ही ससुराली जनों में आपसी सहमति न बनने पर विवाद उत्पन्न होता रहा। इसी क्रम में उसके देवर मुबारक ने 25 अप्रैल को अकारण ही गाली गलौज कर मारपीट करने लगा तभी उसकी साली बीचबचाव के लिये घटना स्थल पर आ गई। तब पति व देवर दोनों ने मारपीट व अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी रामआसरे सरोज ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति हसन को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 504, 506 के तहत अभियोग पंजीकृत करते हुए पति के विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई कर न्यायालय भेजा है।

## गल्ला मंडी खाली होने पर छोटी बाजार में आढतियों ने शुरू की खरीद फरोख्त

**भरुआ सुमेरपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए नवीन गल्ला मंडी अधिग्रहित होने पर गल्ला मंडी में संचालित एक दर्जन फर्मों ने कस्बे की छोटी बाजार पहुंचकर खरीद फरोख्त शुरू की है। इससे किसानों ने राहत महसूस की है। गल्ला मंडी में कारोबार अचानक ठप होने से कुछ व्यापारी किसानों के साथ मनमानी पर उतर आए थे। किसानों की समस्याओं को देखकर आढतियों ने दशकों बाद छोटी बाजार में चुनाव तक व्यापार जारी रखने का निर्णय लिया है। लोकसभा चुनाव को संपन्न करने के लिए प्रशासन ने गल्ला मंडी को अधिग्रहित करके आढतियों से गोदाम आदि खाली करा लिए है। जिससे गल्ला मंडी का कारोबार बुरी तरह से प्रभावित हो गया था। मंडी के जिस हिस्से पर कारोबार चल रहा है। उस हिस्से के कारोबारी किसानों के साथ मनमानी करने लगे थे। इससे किसान परेशान हो रहे थे। कुछ किसान मजबूर होकर फसल बेचने के लिए मौदहा जा रहे थे। किसानों की समस्या को देखकर नवीन गल्ला मंडी की दस फर्मों ने कस्बे की छोटी बाजार में कारोबार शुरू किया है। आढ़ती श्यामबाबू पांडेय, कामता प्रसाद गुप्ता, कुंजबिहारी पांडेय, उदितनारायण तिवारी, श्यामबिहारी पांडेय, महेश गुप्ता, राघवेंद्र पांडेय आदि ने बताया कि किसानों की समस्या को देखते हुए छोटी बाजार में खरीद फरोख्त शुरू की गई है।

## दरोगा ने समाचार पत्र वितरक के साथ की अभद्रता


**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के एक समाचार पत्र वितरक ने स्थानीय थाने में तैनात एक दरोगा पर जानबूझ कर बेवजह अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए थानाध्यक्ष से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। शमीम खान ने थानाध्यक्ष को तहरीर देकर बताया कि रोजाना की तरह वह रविवार की प्रातः तीन बजे थाने के सामने अखबार का बंडल लेने आया था और प्रेस की गाड़ी के आने का इंतजार कर रहा था। वहीं पास में एक ट्रक खड़ा था। तभी एक दरोगा उसके ड्राइवर को बाइक से लेकर वहां आया। ड्राइवर को छोड़ने के बाद उसके पास आकर पूछा कि यहां क्यों खड़े हो। उसने बताया कि अखबार का बंडल लेने आया है। इतना कहते ही दरोगा और होमगार्ड दोनो अभद्रता पर उतारू हो गए और उसे पकड़ कर थाने के अंदर ले जाने लगे। तब थाने में मौजूद दूसरे होमगार्ड ने बताया कि वह अखबार वाला है तब उसे छोड़ा। पीड़ित ने थानाध्यक्ष से दरोगा के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। कार्यवाही न किए जाने पर उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

## अलग–अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो घायल

### प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर

**भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्र में दो अलग–अलग मार्ग दुर्घटनाओं में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पहली घटना रविवार को सुबह 10 बजे कस्बे के देवगांव मार्ग में घटित हुई। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सामने से आ रहे ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में ई रिक्शा सवार चंद्रपाल प्रजापति निवासी बांकी रोड गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना में ई रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया है। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया। दूसरी घटना नेशनल हाईवे में चंद्रपुरवा गेट के समीप करीब ढाई बजे घटित हुई।

# मकान खुद गिरा या लापरवाही हुई, तीसरी आंख खोलेगी राज



**गोरखपुर।** गोरखपुर के नौसड़–पैडलेगंज सिक्सलेन निर्माण के दौरान शुक्रवार को रुस्तमपुर में तीन मंजिला मकान गिरने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि नाला निर्माण के दौरान लापरवाही से मकान गिरा है, जबकि लोक निर्माण विभाग के अफसर मकान को ही जर्जर बता रहे हैं। ऐसे में सीसीटीवी कैमरा के फुटेज से ही मकान के गिरने की वजह सामने आएगी। मकान मालिक के पुत्र प्रखर पांडेय ने बताया कि नाला निर्माण को बेतरतीब होता देख उन्होंने चार दिन पहले ही सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया था। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे उनका तीन मंजिला मकान भरभरा कर गिर गया। गनीमत रहा कि उस दौरान नाला निर्माण कार्य में लगे मजदूर वहां नहीं थे, इस कारण बड़ा हादसा टल गया, जबकि मकान पहले से ही खाली था। प्रखर के अनुसार, नाला निर्माण के दौरान उन्होंने मकान के आगे का हिस्सा तोड़वाया और मजबूत पिलर बनाए थे। उनका आरोप है कि नाले की खोदाई के दौरान जेसीबी से मिट्टी हटी तो गली की दीवार पाइपलाइन पर गिर गई और पाइपलाइन फट गई। तेजी से पानी निकलने लगा, जिससे नीचे की मिट्टी दरकने लगी। इसी दौरान मकान गिर गया। उन्हें भय था कि नाला में पानी भरने से कहीं डॉ. अजय मौर्य और उनका दूसरा मकान भी न गिर जाए। उनकी शिकायत के बाद आपूर्ति बंद कर पंपिंग सेट से पानी निकाला गया। मकान से सटे करीब 15 फिट गहरा नाला खोदा गया था और मकान तीन मंजिला था, उसमें पानी से मिट्टी हटी तो मकान गिर गया। इस मामले लोक निर्माण विभाग के एई रंजन सिंह का कहना है कि मकान क्षतिग्रस्त था। मकान मालिक को इसके बारे में जानकारी भी दी गई थी। मकान गिरने के बाद पाइपलाइन के पानी से नाले में पानी भरा था। नाला निर्माण के दौरान रुस्तमपुर ढाला के पास शुक्रवार को क्षतिग्रस्त मकान गिर गया। शनिवार को जलकल विभाग ने खोदाई में कटी पाइपलाइन को दुरुस्त किया, जिससे दो दिन से चल रही पानी की बर्बादी थम गई। साथ ही सैकड़ों घरों में पेयजल आपूर्ति बहाल हो सकी। जलकल के महाप्रबंधक रघुवेंद्र कुमार ने बताया कि क्षतिग्रस्त हुई पाइप की मरम्मत करा दी गई है। रुस्तमपुर के पास सिक्स लेन किनारे मुख्य पाइप लाइन बदलने के लिए भी प्रयास जारी है। इसके पहले पैडलेगंज से छात्रसंघ चौराहा तक सड़क चौड़ीकरण व नाला निर्माण की वजह से दाउदपुर से रुस्तमपुर के बीच एक साल में कई बार पेयजल पाइपलाइन कट चुकी है। मुख्य पाइपलाइन दुरुस्त करने के साथ ही ओवर हेड टैंक शिफ्ट करने के लिए जलकल की ओर से नौ करोड़ 60 लाख दो हजार रुपये का आगणन तैयार कर लोक निर्माण विभाग से धन की मांग की गई है। इसे यदि बदला नहीं गया तो क्षेत्र में पानी की समस्या आगे भी बनी रहेगी।

## पीड़ित ने दबंग युवक की शिकायत पुलिस से कर की कार्रवाई की मांग

**मौदहा।** क्षेत्र के एक गांव में दुकानदार को शराब के नशे में चूर होकर दबंग युवक ने जाति सूचक शब्दों से अपमानित करके जान से मारने की धमकी दी है, पीड़ित ने बताया कि वह पहले भी कई बार ऐसी घटना को अंजाम दे चुका है। वहीं दबंग युवक की कार्यशैली से तंग आकर दुकानदार ने कोतवाली पुलिस को मामले की तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई है तथा दबंग युवक पर कार्यवाही करने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के सिजवाही गांव निवासी राम विशाल पुत्र सियाराम वर्मा ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह गांव में साधारण दुकान किए हुए है जिसमें गांव निवासी रोहित सिंह पुत्र मदन सिंह दोपहर 12 के तकरीबन उसकी दुकान में आया और शराब के नशे में चूर होकर उसे जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए गाली गलौज करने लगा तथा दुकान बंद करने के लिए दबाव बनाने लगा और दुकान न बंद करने की स्थिति में जान से मारने की धमकी देने लगा। प्रार्थी ने बताया कि उक्त दबंग युवक पूर्व में भी कई बार उसे जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए गाली गलौज कर चुका है। जिससे तंग आकर वह पुलिस के समक्ष न्याय मांगने के लिए मजबूर हुआ है।

### कल होगा हज यात्रियों का टीकाकरण एवं प्रशिक्षण

**मौदहा।** हज को जाने वाले हज यात्रियों का प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कार्यक्रम कल आयोजित होगा। कस्बे के मदरसा यादगार मोहम्मदी हुसैनी में हज 2024 को जाने वाले 46 हाज यात्रियों का टीकाकरण एवं ट्रेनिंग कार्यक्रम कल मंगलवार को सुबह 8 बजे से सायं 5 बजे तक मदरसा यादगार मोहम्मदी हुसैनी प्रांगण में आयोजित होगा। जिसमें ज़िला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने मुख्य चिकित्साधिकारी से पत्र के माध्यम से उक्त कार्यक्रम में चिकित्सक टीम को टीकाकरण करने हेतु भेजने की अपील की। वहीं जिला हज ट्रेनर हाजी जाहंगीर ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हज को जाने वाले 46 हज यात्रियों का प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कार्यक्रम कल आयोजित किया जाना है।

### पांच घंटे में ढूंढ निकाला खोया बैग, विदेशी बोला– यहां की पुलिस जादूगर

**गोरखपुर।** कैंट थाने की पुलिस ने खोया बैग पांच घंटे में ढूंढकर लंदन के व्यक्ति का दिल जीत लिया। विदेशी ने खुश होकर बोला–अरे! यहां की पुलिस तो जादूगर है, जादू से कुछ भी ढूंढ़ लेगी। मुझे तो विश्वास ही नहीं हो रहा है कि मेरा जो बैग गायब हो गया था, वह मेरे हाथ में है। मेरे लिए यह भारत यात्रा का सबसे यादगार दिन है। इस दिन को मैं कभी नहीं भूल सकता हूं। इस तरह भावुक होकर विदेशी नागरिक ने पुलिस का धन्यवाद किया। दरअसल, शनिवार की सुबह करीब सात बजे लंदन निवासी क्रिस्टोफर जॉन कोटे वाराणसी से गोरखपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। प्लेटफॉर्म नंबर नौ से ऑटो द्वारा रेलवे स्टेशन के गेट नंबर चार पर पहुंचे। उन्हें सोनौली की बस पकड़नी थी कि इसी बीच बैग ऑटो में छूट गया। उसमें उनके जरूरी कागजात, कैमरा, एप्पल आईपॉड, चश्मा, इंसुलिन की दवा और मोबाइल समेत करीब दो लाख रुपये का सामान था। इसके बाद उन्होंने कैंट थाने की रेलवे चौकी पर इसकी शिकायत की। इसके बाद पुलिस 50 सीसीटीवी कैमरों को खंगालते हुए ऑटो तक पहुंच गई, जिसमें बैग छूटा था।

## अवसाद में डूबे युवक ने पी लिया तेजाब, खून की उल्टी होने से मौत, दो दिन पहले भी जान देने की कोशिश की थी



**बस्ती।** बस्ती शहर के बभनगांवा मोहल्ले के 26 वर्षीय युवक ने रविवार को दोपहर तेजाब लाकर पी लिया। कुछ देर बाद उसे खून की उल्टियां होने लगीं। परिवार के लोग आनन–फानन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल चौकी की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बभनगवां निवासी विनोद कुमार श्रीवास्तव कृषि विकास अधिकारी पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनके एक बेटा व एक बेटी है। दोनों की शादी हो चुकी है। विनोद कुमार श्रीवास्तव की मृत्यु के बाद जो पैसे मिले, उसमें से काफी पैसा सौरभ दोस्तबाजी में उड़ा चुका था। उसकी आदतों के चलते उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई और उनसे केस कर रखा है। मां आशा श्रीवास्तव कहती हैं कि पत्नी के जाने के बाद से सौरभ अवसाद में रहने लगा था। कुछ गलत लड़कों की संगत में पड़ गया और घर के पैसों को पानी की तरह बहाने लगा, मना करने लगा वह अक्सर मारता पीटता भी था। शुक्रवार को भी सौरभ ने पंखे से लटकर जान देने की कोशिश कर रहा था। फांसी लगाते समय वह कूलर से टकरा गया था। जिसके चलते उसके चेहरे पर काफी चोटें भी आ गई थीं। रविवार दोपहर 11 बजे वह कहीं से तेजाब खरीद कर लाया और पी लिया। पूछने पर किसी से कुछ नहीं बताया। जब उसे खून की उल्टियां होने लगीं तो परिवार के लोग परेशान हो गए। इस दौरान पता चला कि उसने तेजाब पी लिया है।

# दिल्ली–बंगलूरू के लिए अकासा की हवाई सेवा 29 मई से



**गोरखपुर।** अकासा एयर गोरखपुर एयरपोर्ट से जम्मू, गोवा और हैदराबाद के लिए भी बहुत जल्द हवाई सेवा शुरू कर सकती है। इसके लिए एयरपोर्ट अथारिटी को प्रस्ताव भी दिया गया है, जिस पर सहमति का इंतजार है। उधर, अकासा गोरखपुर से दिल्ली और बंगलूरू के लिए 29 मई से हवाई सेवा शुरू कर रहा है। एयर लाइन ने इसके लिए टिकटों की बुकिंग शुरू कर दी है। अकासा एयर दो शहरों के लिए 29 मई से हवाई सेवा शुरू कर रहा है। गोरखपुर से विमान 2:45 बजे उड़ान भरेगा और चार बजे दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरेगा। इसी तरह दिल्ली से यह विमान शाम 4:55 बजे उड़ान भरकर गोरखपुर एयरपोर्ट पर 6:45 बजे उतरेगा। इसी तरह दूसरा विमान बंगलूरू से सुबह 11:15 बजे उड़ान भरकर 2:05 बजे गोरखपुर एयरपोर्ट पर उतरेगा। वही विमान शाम 7:20 बजे गोरखपुर से उड़ान भरकर रात 9:55 बजे बंगलूरू एयरपोर्ट पर उतरेगा। टूर प्लानर ने बताया कि अकासा का टिकट अभी अन्य एयर लाइन के फेयर से सस्ता है। गोरखपुर से बंगलूरू जाने के लिए टिकट 8100 रुपये में बुक हो रहा है। जबकि इंडिगो एयर लाइन का टिकट नौ हजार से अधिक है। इसी तरह गोरखपुर से दिल्ली जाने के लिए 5100 में टिकट बुक हो रहे हैं। वाराणसी और अयोध्या से हवाई टिकट और भी सस्ते हैं। वर्तमान में वाराणसी से दिल्ली जाने के लिए 3900–4000 रुपये में टिकटों की बुकिंग हो रही है। इसी तरह अयोध्या से दिल्ली जाने के लिए मात्र 3200 रुपये में टिकट बुक हो रहे हैं।

टूर प्लानर निर्माण रॉय ने बताया कि अकासा गोरखपुर से कई और हवाई सेवा शुरू करने वाला है। यहां से हवाई सेवा बढ़ेगी तो यात्रियों को फायदा मिलेगा। टिकट की कीमत भी कम हो जाएगी।

# लारा दत्ता ने समाज की गलत सोच पर मारा तमाचा! बोलीं– अब मैं उम्र की कैद से आजाद हूं



बॉलीवुड एक्ट्रेस लारा दत्ता ने बताया कि वह सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग का सामना कैसे करती हैं. उन्होंने कहा कि वह इन सब बातों पर कम ध्यान देती हैं. पूर्व मिस यूनिवर्स और एक्ट्रेस लारा दत्ता इन दिनों अपनी आने वाली वेब सीरीज श्रणनीतिरू बालाकोट एंड बियॉन्डश् को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं. 90 के दशक में बेहतरीन फिल्में देने वाली एक्ट्रेस ने साल 2000 में एक्टिंग की दुनिया में एंट्री मारी थी. वह पिछले काफी समय से ब्रेक पर थीं और अब फिर से ग्लैमर की दुनिया में सक्रिय हो गई हैं. एक्ट्रेस ने हाल ही में सोशल मीडिया पर खुद को लेकर होने वाली अपमानजनक आलोचनाओं के बारे में खुलकर बात की है. एक्ट्रेस ने कबूल किया कि वह भी ट्रोलिंग से अछूती नहीं हैं, हालांकि एक्ट्रेस इन बातों पर कम ध्यान देती हैं.

**ट्रोल्स को लारा का करारा जवाब**

हाल ही में पिंकविला के साथ एक इंटरव्यू के दौरान लारा दत्ता ने खुलकर बात की है. इस दौरान उनसे पूछा गया कि वह सोशल मीडिया पर होने वाली नेगेटिव बातें और ट्रोलिंग का किस तरह से सामना करती हैं. इसपर लारा दत्ता ने कहा, श्अगर पर्सनली देखा जाए तो मैं सोशल मीडिया पर बहुत ज्यादा एक्टिव नहीं रहती हूं. मैं सोशल मीडिया पर उतनी ही एक्टिव हूं, जितना मैं रहना चाहती हूं. हां अगर मुझे लगातार फॉलोवर्स, लाइक्स और कमेंट्स की भूख है तो फिर मुझे इसके साथ आने वाली हर चीज के लिए तैयार रहना होगा.श

**मेरे पास ज्यादा फॉलोवर्स नहीं**

लारा दत्ता ने आगे कहा, मेरे पास सोशल मीडिया फीड में खास चीजें हैं, जो मेरे लिए बहुत स्पेशल हैं और मैं उसे उन लोगों के साथ शेयर करना चाहती हूं, जो कि सच में मेरे फॉलोअर्स हैं. इसीलिए मेरे पास बहुत ज्यादा फॉलोवर्स नहीं हैं, लेकिन जो लोग सच्चे हैं, वो वहां रहना चाहते हैं. और ऐसे लोग कभी भी आपको नीचे गिराने के बारे में नहीं सोचेंगे. अपनी बात खत्म करते हुए एक्ट्रेस ने आगे कहा, मुझे लगता है कि मैं धन्य हूं कि मुझे बहुत सारे ट्रोल्स भद्दे कमेंट्स जैसी चीजों से नहीं निपटना पड़ता है.

**मैं किसी को जज नहीं करती**

लारा दत्ता कहती हैं, श्बेशक लोगों को अपनी बात रखने का अधिकार है, वह कहेंगे अरे बुड्ढी हो गई हो, अरे मोटी हो गई. लेकिन क्या इन सब बातों से सच में मेरी जिंदगी में कोई फर्क पड़ने वाला है? मैं जानती हूं कि ट्रोलिंग हैंडल्स के पीछे कुछ गुमनाम लोग हैं और मैं नहीं जानती कि वो अपनी जिंदगी में क्या कर रहे हैं, इसलिए मैं किसी को जज नहीं कर सकतीश.

वर्कफ्रंट की बात करें तो लारा ने अपने नए ओटीटी प्रोजेक्ट श्रणनीतिरू बालाकोट एंड बियॉन्डश् का शानदार टीजर शेयर करके अपने फैंस को खुश कर दिया है. इस सीरीज में जिम्मी शेरगिल, आशीष विद्यार्थी और आशुतोष राणा भी नजर आने वाले हैं.

**लारा दत्ता ट्रोल्स,स्तं क्नजजं त्ंदममजप ̆मइ ̈मतपमे,लारा दत्ता रणनीति वेब सीरीज**

लारा दत्ता का कहना है कि समाज को औरतों को नीचा दिखाने की आदत हो गई है। यहां तक कि फैमिली मेंबर्स तक बढ़े वजन पर मजाक बनाने लगते हैं। उनका कहना है कि अब वो उम्र की कैद से आजाद हो चुकी हैं और समाज की सोच पर करारा प्रहार भी करना जानती हैं।

आज से तकरीबन 25 साल पहले मिस यूनिवर्स का खिताब पाने वाली एक्ट्रेस लारा दत्ता बॉलीवुड के बाद अब ओटीटी पर अपनी दूसरी शानदार पारी का खूब आनंद ले रही हैं। श्हंड्रेडश, श्कौन बनेगी शिखरवतीश, श्ढ़ाली चोपड़ाश, श्हिकप्स एंड हुकप्सश् के बाद इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी नई वेब सीरीज श्रणनीतिरू बालकोट एंड बियॉन्डश् से। 46 साल की लारा का कहना है कि अब वो उम्र की कैद से आजाद हैं। इस खास बातचीत में वे कई मुद्दों पर बेबाक होकर बात करती हैं। अपने करियर के इस दौर को कैसे देख रही...

ट्रेलररू बालाकोट एयर स्ट्राइक के वक्त दिल्ल्ली में क्ष्या हो रहा था? जिम्ष्मी शेरगिल और लारा दत्ता दिखाएंगे श्रणनीतिश्आप न केवल मिस यूनिवर्स रहीं, बल्कि फिल्मों में ही नहीं, असल जिंदगी में भी मजबूत महिला हैं। आपको कभी हीनता का सामना करना पड़ा है?–मैं ये नहीं कहूंगी कि औरत होने के नाते मुझे जानबूझकर हीन समझा जाता है या नीचे दिखाया जाता है। अफ्सोस की बात ये है कि हमारे समाज में हम लोग औरतों को हीन महसूस कराए जाने के आदी हो गए हैं। अरे हम महिलाएं भी। आप कुछ अरसे बाद अपने फैमिली मेंबर से मिलें, तो...

हाल ही में आपके जन्मदिन पर आपको दीया मिर्जा और प्रियंका चोपड़ा ने मुबारकबाद दी। वो 2000 का ही साल था, जब आप मिस यूनिवर्स, प्रियंका चोपड़ा मिस वर्ल्ड और दिया मिर्जा मिस एशिया पैसिफिक से गौरवान्वित हुईं। आप तीनों ने लंबा सफर तय किया।

एक्ट्रेस लारा दत्ता इन दिनों अपनी अपकमिंग सीरीज श्रणनीतिरू बालाकोट एंड बियॉन्डश् को लेकर चर्चा में हैं। लारा ने एक इंटरव्यू में ऑनलाइन ट्रोलिंग को लेकर अपना एक्सपीरियंस शेयर किया। एक्ट्रेस ने उन ट्रोलर्स को जवाब दिया है, जो उन्हें श्मोटी–बुड्ढीश् जैसे कमेंट्स करके ट्रोल करते हैं।

लारा ने बताया कि वो इस तरह की नेगेटिविटी से निपटने के लिए क्या करती हैं। उन्होंने कहा कि अगर मैं फॉलोअर्स और कमेंट्स पाना चाहती हूं, तो उससे मिलने वाली हर अच्छी और बुरी चीज को भी मुझे एक्सेप्ट करना होगा।

इसलिए मेरे सोशल मीडिया फीड में केवल ऐसी चीजें हैं, जो मेरे लिए खास हैं। वो चीजें जो मैं उन लोगों के साथ शेयर करना चाहती हूं, जो मुझे फॉलो करते हैं। इसी वजह से मेरे पास ज्यादा फॉलोइंग नहीं है।

लारा ने बात करते हुए आगे कहा– मेरी फॉलोइंग लिस्ट ज्यादा लंबी तो नहीं है। लेकिन जो भी हैं वो जेन्युइन और सच्चे लोग हैं। ट्रोल्स से निपटने को लेकर एक्ट्रेस ने कहा– मुझे लगता है कि मैं लकी हूं। मुझे बहुत ज्यादा ट्रोल्स या भद्दे कमेंट्स से नहीं निपटना पड़ता है।

लारा ने कहा– जाहिर सी बात है कि लोगों के पास अपनी राय रखने का पूरा हक है। बहुत से लोग कहते हैं श्अरे बुड्ढी हो गईश, श्अरे मोटी हो गईश, तो क्या ये मेरी लाइफ में कोई बदलाव लाने वाला है?

एक इंटरव्यू के दौरान लारा दत्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया भाषण के बारे में बात की थी। अपने विश्वासों पर कायम रहने के लिए एक्ट्रेस ने पीएम मोदी की प्रशंसा की थी। पीएम ने अपने भाषण में कहा था कि कांग्रेस पार्टी की देश की संपत्ति मुसलमानों के बीच बांटने की योजना है। विरोधियों ने पीएम के दावों की प्रमाणिकता पर सवाल उठाया है।

लारा दत्ता ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के अपने विश्वास पर खरा उतरने के लिए उनकी सराहना की। एक्ट्रेस ने कहा – 'सभी लोगों को खुश रखना मुश्किल है, पीएम भी एक इंसान ही हैं।श

लारा दत्ता की अपकमिंग सीरीज श्रणनीतिरू बालाकोट एंड बियॉन्डश् का डायरेक्शन संतोष सिंह ने किया है। इसमें लारा दत्ता, जिमी शेरगिल, प्रसन्ना, आशुतोष राणा और आशीष विद्यार्थी जैसे बड़े एक्टर्स नजर आए हैं। इसके अलावा लारा दत्ता 'वेलकम टू द जंगल', और 'रामायण' जैसी फिल्में कर रही हैं।










इस बार की स्ट्रगल स्टोरी में कहानी एक्ट्रेस कंगना शर्मा की। कंगना ने फिल्म ग्रेट ग्रैंड मस्ती से बॉलीवुड डेब्यू किया था। इसके अलावा वे कपिल शर्मा और तू सूरज मैं सांझ पिया जी जैसे शो में नजर आ चुकी हैं।

कंगना फिल्मों में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर ही रही थीं कि तभी उनकी मुलाकात एक शख्स से हुई, जिसने इनका सब कुछ बर्बाद कर दिया। इस बारे में कंगना का कहना है– जब से पैदा हुई हूं, बस स्ट्रगल ही कर रही हूं। ना प्रोफेशनल लाइफ अच्छी रही और ना ही पर्सनल लाइफ। पर्सनल लाइफ में तो हमेशा ही गम का सैलाब उमड़ता रहा।'

कंगना शर्मा का जन्म 3 अप्रैल 1989 को दिल्ली में हुआ था, लेकिन वे मूल रूप से हरियाणा की रहने वाली हैं।

कंगना शर्मा का जन्म 3 अप्रैल 1989 को दिल्ली में हुआ था, लेकिन वे मूल रूप से हरियाणा की रहने वाली हैं।

'2019 में मेरी योगेश से मुलाकात हुई थी, जिनसे बाद में मेरी शादी हुई। हालांकि, उनसे कई दफा मिलने के बाद भी मैं शादी नहीं करना चाहती थी। उसकी 2 वजह थी। पहली यह कि अपने घर में सिर्फ मैं कमाने वाली थी, भाई बहुत छोटा था। दूसरी वजह यह कि न मेरी मां की शादी बहुत अच्छी चली थी और न ही बहन की।

शुरुआती 6 महीने की मुलाकात में योगेश ने मुझे बिल्कुल भी अकेला नहीं छोड़ा। 24 घंटे हम साथ रहते थे। यहां तक कि मैं अपने परिवार के साथ भी टाइम स्पेंड नहीं कर पाती थी। कभी वे मुझे विदेश घुमाने ले जाते, तो कभी धार्मिक स्थल पर। इस वजह से मैं उनके बहुत क्लोज हो गई।

वे इस तरह से मुझे ट्रीट करते थे, मानो कि मैं कोई परी हूं। इसके साथ ही वे मेरी बहुत रेस्पेक्ट भी करते थे। यही वो वजह बनी कि मैं उनसे और जुड़ गई, क्योंकि प्यार से ज्यादा मुझे मेरी इज्जत प्यारी है।

योगेश की यह आदतें परिवार वालों को भी पसंद आने लगीं। मेरे साथ वे परिवार वालों का भी ध्यान रखते थे। यह सब देख मां ने कहा कि मुझे योगेश से शादी कर लेनी चाहिए, क्योंकि उनके सिवा इतना मेरे लिए कोई दूसरा नहीं कर सकता। आखिरकार कभी ना कभी तो शादी करनी ही है तो योगेश से क्यों नहीं। हालांकि, इन सब के साथ मां ने यह जरूर कहा था कि मैं योगेश की फैमिली का बैकग्राउंड चेक कर लूं, लेकिन योगेश ने इसके लिए कभी टाइम ही नहीं दिया।'

यह सारी बातें एक्ट्रेस कंगना शर्मा दैनिक भास्कर के ऑफिस में बैठ कर हमें बता रही हैं।

वे आगे कहती हैं, 'ये सब चल रहा था कि वैलेंटाइन वीक आ गया। योगेश ने कहा कि वे मुझे इंडियन वियर में प्रपोज करना चाहते हैं। ये सुन मैं बहुत खुश हुई, क्योंकि आज के माहौल में कौन सा लड़का इंडियन वियर में प्रपोज करने की बात करता है। इसके बाद उन्होंने मनीष मल्होत्रा के शो रूम से मुझे लंहगा दिलाया और अपने लिए शेरवानी ली। हालांकि, मन में यह सवाल जरूर था कि अचानक से मेरे साथ सारी चीजें इतनी अच्छी कैसे हो रही हैं।

ये सब होने के बाद वे मुझे बाली लेकर गए और वहां पर चॉपर में मुझे प्रपोज किया। फिर जब मैंने चॉपर से नीचे देखा तो पूरे आईलैंड पर उन्होंने लिखवाया था– ड्ड्वद्ध्रद्य स्ह्वह्न4 स्द्भ चद्धड्डद्दड्डड्डड्ड..

ये सब देख मैं भी बहुत खुश हो गई और शादी के लिए हां कर दी।

फिर जब हम लोग चॉपर से नीचे उतरे तो देखा कि शादी का मंडप भी तैयार है। उन्होंने तुरंत शादी करने के लिए कहा, लेकिन मैंने मना कर दिया। बिना परिवार वालों के मैं शादी नहीं करना चाहती थी। हालांकि, उन्होंने मुझे बहुत मनाया। नतीजतन, मुझे शादी करनी ही पड़ी। वहां पर न मेरे परिवार वाले थे और न उनके। मेरा कन्यादान एक ट्रेवल एजेंट की मां ने किया था।

शादी के बाद कंगना ने यह तस्वीर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की थी।

शादी करके जब हम वापस घर लौटे तो मेरी मां बहुत नाराज हुईं, लेकिन फिर मान भी गईं। इसके बाद परिवार वालों के सामने हमने दूसरी बार भी शादी की। इस शादी के ढाई महीने बाद ही मैं प्रेग्नेंट हो गई। ये वो वक्त था जब देश में चारों तरफ कोरोना महामारी फैली हुई थी। मैं करियर के शुरुआती दौर में प्रेग्नेंट नहीं होना चाहती थी, पर योगेश बच्चा चाहते थे। उन्होंने कहा कि मैं इस बच्चे को जन्म दूं, बाकी करियर में जो करना चाहूंगी, वे मेरा सपोर्ट करेंगे। इस बार भी मैंने उनका कहना मान लिया।

प्रेग्नेंसी के इन 9 महीने में योगेश ने मुझे परिवार से दूर कर दिया। घर पर जो भी कोई आता, उसे मुझसे मिलने नहीं देते। इस वजह से मैं मुंबई में पूरी तरह से अलग हो गई। इतना सब कुछ हो जाने के बाद भी उन्होंने अपने परिवार वालों से मुझे नहीं मिलवाया। कहते थे कि मेरी मां बहुत खतरनाक हैं। शादी का जानकर वो तुम्हें मरवा देंगी।

जब डिलीवरी का समय नजदीक आया, तब योगेश ने मुझे मेरी बहन के पास छोड़ दिया। 9 महीने के बाद मैंने बेटे को जन्म दिया। बेटे के जन्म पर जब उनकी मां आईं तो उन्हें देख मैं हैरान रह गई। इसके बाद धीरे–धीरे योगेश ने भी मुझसे मिलना बंद कर दिया।

कुछ समय बाद मुझे पता चला कि वे पहले से शादीशुदा थे, उनका तलाक हो गया था। यह भी पता चला कि मेरे साथ शादी करने के बाद भी उनके कई अफेयर रहे। ये सब सुन मैं एकदम से टूट गई। खुद को पहचानना भूल गई थी। वो समय किसी डिप्रेशन से कम नहीं था। वहीं, अब हमारा तलाक केस चल रहा है, लेकिन योगेश कहते हैं कि वे मुझे तलाक नहीं देंगे।

इस शादी ने मेरा सब कुछ मुझसे छीन लिया है। शादी की वजह से 2020 से लेकर 2022 तक मेरे पास कोई काम नहीं रहा। 2023 में मैंने कपिल शर्मा से वापसी की। अब आगे भी मुझे अपने बच्चे के लिए कुछ बेहतर ही करना है।

एक फ्रेम में मां के साथ कंगना शर्मा।

तंगी ऐसी थी कि दूसरों के खेतों में काम करना पड़ा

बचपन के दिनों के बारे में कंगना ने कहा, 'मेरी पैदाइश दिल्ली में हुई थी। जब मैं 4 साल की थी, तब पूरा परिवार हरियाणा के एक छोटे से गांव बारा खुर्द में जाकर बस गया। वहां पूरा परिवार एक छोटे से टूटे–फूटे घर में रहता था। वो घर भी हमारा नहीं था। वो मेरे ताऊ का घर था, उन्होंने हमें बस आसरा दिया था।

वहां जाने के बाद स्थिति बद से बदतर हो गई। इसी दौरान पापा का एक्सीडेंट हो गया। इसके बाद घर की सारी जिम्मेदारी मेरे कंधों पर आ गई, क्योंकि मैं ही सबसे बड़ी थी। इस एक्सीडेंट के बाद पापा कभी काम करने की स्थिति में नहीं रहे। मां भी कुछ नहीं कर सकती थीं। ऐसे में मुझे ही सब करना पड़ा।

दूसरों के खेतों में काम करके मैंने घर चलाया और स्कूल की फीस भी भरी। फिर जब कॉलेज में गई तो बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने का काम किया। इससे कॉलेज की फीस भी निकल जाती और घर खर्च चल जाता। मैंने कुछ दिनों तक बतौर रिसेप्शनिस्ट भी काम किया।

इसी वजह से मैं आज भी कहती हूं कि मेरा बचपन बहुत ही ज्यादा खराब बीता है। इस बुरे समय में किसी ने भी हमारी मदद नहीं की।'

गुजारे के लिए दिल्ली के कॉल सेंटर में काम किया

फिल्मों में जुड़ने से पहले कंगना ने कॉल सेंटर में भी काम किया है। इस बारे में उन्होंने बताया, 'कुछ समय बाद छोटे–मोटे काम से घर और खुद की जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो रहा था। ऐसे में बेहतर काम की तलाश में मैंने दिल्ली का रुख किया। यहां पर मैं एक कॉल सेंटर में काम करती थी। शुरुआत में मुझे यहां 5000 रुपए प्रति महीना तनख्वाह मिलती थी। फिर कुछ समय बाद मेरी तनख्वाह 7000 रुपए प्रति महीना हो गई थी।'

करियर की शुरुआत में कंगना को पंजाबी सिंगर हार्डी संधू के गाने यार ना मिलिया में देखा गया था।

दोस्त की सलाह पर मॉडलिंग से जुड़ीं

कंगना को एक्टिंग में कभी कोई खास दिलचस्पी नहीं थी। वे एक दोस्त के कहने पर मॉडलिंग में आईं और फिल्मों से जुड़ीं। इस बारे में उन्होंने बताया, 'मैं जिस परिवार से ताल्लुक रखती हूं, वहां पर दूर–दूर तक कोई फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा नहीं था। साथ ही इसके बारे में सोचना भी गुनाह था। मैं जिस गांव से हूं, वहां के लोगों की सोच बहुत दकियानूसी होती थी। हालांकि अब तो पहले से सुधार आ गया है, लेकिन अभी भी हालात उतने अच्छे नहीं हैं।

मैं किसी तरह वहां से दिल्ली पहुंची। दिल्ली के जिस कॉल सेंटर में काम करती थी, वहां पर एक दोस्त थी, जिसने मुझे मॉडलिंग करने के लिए कहा। उसने कहा था– तुम्हारा फेस बहुत अच्छा है, तुम मॉडलिंग में क्यों नहीं ट्राइ करती। वैसे भी इस नौकरी में ज्यादा पैसा नहीं है।

उस दोस्त ने आगे कहा– मैं खुद भी मॉडलिंग करती हूं। रात में यहां नौकरी करती हूं, फिर सुबह 4–5 घंटे सोने के बाद मॉडलिंग वाले असाइनमेंट खत्म कर देती हूं।

दोस्त की सारी बातें सुन मैं भी एक्साइडेट हो गई। मैंने उससे पूछा कि इसकी शुरुआत कैसे कर सकती हूं। उसने बताया कि सभी न्यू कमर्स एक एजेंसी से अपनी मॉडलिंग करियर की शुरुआत करते हैं।

दोस्त की सलाह पर मैंने भी उसी एजेंसी से अपने मॉडलिंग करियर की शुरुआत की और इसमें आगे बढ़ती गई।'

मुंबई शिफ्ट होने के लिए पैसे नहीं थे, पहली फिल्म ग्रेट ग्रैंड मस्ती मिली

सभी स्ट्रगलर्स का एक्टर बनने का ख्वाब मुंबई जाकर ही पूरा होता है। इसी सपने को पूरा करने के लिए कंगना ने भी मायानगरी मुंबई की तरफ रुख किया था। इस बारे में उन्होंने बताया, 'मुंबई के बारे में मैंने अलग–अलग तरह की बातें सुनी थीं। इस वजह से मैं और मेरी एक दोस्त ने फैसला किया कि पहले हम कुछ दिन मुंबई में रहेंगे, वहां का रहन–सहन देखेंगे, इसके बाद ही फैसला करेंगे कि वहां शिफ्ट होना है या नहीं।

उसी दोस्त के साथ मैं 2014 में पहली बार मुंबई आई। उस वक्त हम दोनों के पास इतने पैसे नहीं थे कि होटल में रह सकें। ऐसे में हम एक दोस्त के घर रहने चले गए। वहां पर रहते हुए कुछ ही दिन बीते थे कि दोस्त और उसके पति में लड़ाई–झगड़े शुरू हो गए। ये देख हमें भी खराब लगने लगा और दोस्त ने भी वहां से हमें चले जाने के लिए कह दिया। आखिरकार फिर मैं और मेरी दोस्त वापस दिल्ली लौट आए।

इस बात को कुछ ही दिन बीते थे कि मुझे स्द्धह्य स्ह्व×द्वद्ध ष्टश्व्ह्लद्गह्यह्ल 2014 कॉन्टेस्ट के लिए कॉल आया। मैं इसके लिए एक बार फिर से मुंबई गई। इस कॉन्टेस्ट में सेकेंड रनरअप रही और वापस दिल्ली आ गई।

इस जीत के कुछ दिन बाद मुझे फिल्म ग्रेट ग्रैंड मस्ती का ऑफर आया और फिर से एक बार मुंबई जाना हुआ। वहां फिल्म डायरेक्टर इंद्र कुमार जी से मेरी मुलाकात हुई। मेरी बातचीत से वे बहुत इम्प्रेस हुए और उन्होंने बिना ऑडिशन के ही मुझे इस फिल्म में सिलेक्ट कर लिया। इस फिल्म में सिलेक्ट होने जाने के बाद मैं मुंबई में शिफ्ट हो गई।

वहीं, इस फिल्म के बाद मैंने हार्डी संधू के गाने यार ना मिलिया में काम किया। फिर कुछ समय बाद टीवी शो तू सूरज मैं सांझ पिया जी में भी काम मिला।

2019 से लेकर 2023 तक, कपिल शर्मा शो के 4 एपिसोड में कंगना को देखा गया था।

कई बार इंडस्ट्री के लोगों ने की गलत डिमांड

कंगना ने बताया कि कई बार फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने गलत डिमांड की है। उन्होंने कहा, 'इस इंडस्ट्री में कुछ अच्छे लोगों से सामना हुआ है और कुछ बुरे लोगों से भी। कुछ लोग तो ऐसे रहे कि कॉल करते ही सीधे कहते थे कि एक फिल्म का ऑफर जिसमें आपके कुछ बोल्ड सीन्स होंगे। इसके बाद तो उनकी डिमांड और निचले लेवल पर गिर जाती थी। कई बार तो वो लोग सीधे कॉम्प्रोमाइज करने वाली बात पर पहुंच जाते थे।

बॉलीवुड से ज्यादा तो ये चीजें मैंने साउथ सिनेमा में फेस की हैं। वहां पर जब काम के सिलसिले सारी बातें फाइनल हो जाती थीं तब कहा जाता है कि आपको डायरेक्टर को खुश करना होगा। इस कारण ना जाने कितने ऑफर मैंने ठुकरा दिए।'

कंगना ने बताया कि इंडस्ट्री में आने के बाद उन्हें लैंग्वेज को लेकर बहुत दिक्कत हुई थी। हरियाणवी टच होने के कारण उन्हें परेशानी होती थी। साथ ही वे इंग्लिश में भी इतनी माहिर नहीं थीं, लेकिन वक्त के साथ उन्होंने इस कमी पर काम किया और ये चीजें आज पहले से बेहतर हैं।

कंगना ने बताया कि इंडस्ट्री में आने के बाद उन्हें लैंग्वेज को लेकर बहुत दिक्कत हुई थी। हरियाणवी टच होने के कारण उन्हें परेशानी होती थी। साथ ही वे इंग्लिश में भी इतनी माहिर नहीं थीं, लेकिन वक्त के साथ उन्होंने इस कमी पर काम किया और ये चीजें आज पहले से बेहतर हैं।

कंगना ने बातचीत के अंत में अपकमिंग प्रोजेक्ट्स के बारे में बात की। उन्होंने कहा, %फिलहाल मेरे पास कोई बड़ा प्रोजेक्ट नहीं है। अभी तो मैं फिर से अपनी पहचान बनाने में लगी हूं। आशा करती हूं कि जल्द ही कोई बेहतर काम मिल जाए।%

# 41 गेंदों में शतक

## पांच चौकों और 10 छक्कों से बनाए 80 रन, अहमदाबाद में आया विल जैक्स का तूफान




**अहमदाबाद।** आरसीबी की तरफ से इस मैच में विल जैक्स ने भी विस्फोटक प्रदर्शन किया। उन्होंने महज 41 गेंदों में शतक लगाया। यह उनके आईपीएल करियर का पहला शतक है। इस दौरान उन्होंने 243.90 के स्ट्राइक रेट से पांच चौके और 10 छक्के लगाए। आपीएल 2024 का 45वां मुकाबला रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के नाम रहा। एक तरफ किंग कोहली ने चौके–छक्कों की बरसात की तो दूसरी तरफ विल जैक्स ने बाउंड्रीज की झड़ी लगाई। गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए इस मुकाबले में दोनों बल्लेबाजों ने विस्फोटक प्रदर्शन किया और तमाम रिकॉर्ड्स बनाए। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी गुजरात ने 20 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 200 रनों का स्कोर तैयार किया। इस आईपीएल में पहले बल्लेबाजी करते हुए टाइटंस का यह सबसे बड़ा स्कोर था। जवाब में आरसीबी ने विराट कोहली और विल जैक्स की विस्फोटक साझेदारी की बदौलत गुजरात को नौ विकेट से हरा दिया। आरसीबी ने आईपीएल इतिहास में अपना दूसरा सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल किया। दिलचस्प बात यह है कि टीम को यह कामयाबी 24 गेंदों के शेष रहते मिली। आईपीएल में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु ने सफलतापूर्वक लक्ष्य हासिल किया स्कोर विरोधी टीम साल 204 पंजाब किंग्स 2010 201 गुजरात टाइटंस 2024 192 राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स 2016 187 सनराइजर्स हैदराबाद 2023 200 लक्ष्य का पीछा करते हुए सर्वाधिक गेंदों के शेष रहते दर्ज की जीत टीम विरोधी टीम गेंद साल रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु गुजरात टाइटंस 24 2024 मुंबई इंडियंस रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु 21 2023 दिल्ली कैपिटल्स गुजरात लायंस 15 2017 मुंबई इंडियंस सनराइजर्स हैदराबाद 12 2023 पांचवें सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने जैक्स आरसीबी की तरफ से इस मैच में विल जैक्स ने भी विस्फोटक प्रदर्शन किया। उन्होंने महज 41 गेंदों में शतक लगाया। यह उनके आईपीएल करियर का पहला शतक है। इस दौरान उन्होंने 243.90 के स्ट्राइक रेट से पांच चौके और 10 छक्के लगाए। उनकी इसी पारी की बदौलत आरसीबी ने 16 ओवर में एक विकेट गंवाकर 206 रन बनाए और नौ विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। दिलचस्प बात यह है कि जैक्स आईपीएल इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले पांचवें गेंदबाज बन गए। इस लिस्ट में शीर्ष पर क्रिस गेल का नाम दर्ज है जिन्होंने महज 30 गेंदों में शतक लगाया था। जैक्स केवल 10 गेंदों में 50 से 100 रनों के स्कोर तक पहुंच गए। इसी के साथ उन्होंने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। दिग्गज खिलाड़ी ने 50 से 100 रनों के स्कोर तक पहुंचने के लिए सिर्फ 13 गेंदों का सामना किया था। आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज खिलाड़ी बॉल्स विरोधी टीम साल क्रिस गेल 30 पुणे वॉरियर्स 2013 यूसुफ पठान 37 मुंबई इंडियंस 2010 डेविड मिलर 38 रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु 2013 ट्रेविस हेड 39 रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु 2024 विल जैक्स 41 गुजरात टाइटंस 2024 कोहली–जैक्स के बीच हुई सबसे बड़ी साझेदारी 201 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी ने अपना पहला विकेट 40 रन के स्कोर पर खो दिया था। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए विल जैक्स ने विराट कोहली के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 133 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। गुजरात टाइटंस के खिलाफ यह आईपीएल की सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले संजू सैमसन और रियान पराग के बीच हाल ही में 130 रनों की साझेदारी हुई थी। गुजरात टाइटंस के खिलाफ विराट–जैक्स के बीच हुई सबसे बड़ी साझेदारी खिलाड़ी साझेदारी साल विराट कोहली–विल जैक्स 133 रन' 2024 संजू सैमसन–रियान पराग 130 रन 2024 विराट कोहली–फाफ डुप्लेसिस 115 रन 2022 ऋषभ पंत–अक्षर पटेल 113 रन 2024 विराट कोहली ने लगाया अर्धशतक आरसीबी के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली जबरदस्त फॉर्म में नजर आए। उन्होंने 32 गेंदों में इस सीजन का चौथा अर्धशतक पूरा किया। इस दौरान उन्होंने 44 गेंदों में 70 रनों की नाबाद पारी खेली। गुजरात के खिलाफ किंग कोहली ने 159.09 के स्ट्राइक रेट से छह चौके और तीन छक्के लगाए। इसी के साथ आईपीएल 2024 में विराट कोहली के 500 रन पूरे हो गए। दिलचस्प बात यह है कि 35 वर्षीय खिलाड़ी ने इसी के साथ इस सीजन में 500 रन भी पूरे कर लिए। आईपीएल में सबसे ज्यादा बार 500 से ज्यादा रन बनाने वाले वह डेविड वॉर्नर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे बल्लेबाज बन गए। दोनों ने सात–सात बार यह कारनामा किया है। आईपीएल में सबसे ज्यादा 500 रन वाले सीजन खिलाड़ी 500 रन डेविड वार्नर 7 विराट कोहली 7 शिखर धवन 5 केएल राहुल 5 लक्ष्य का पीछा करते हुए सर्वाधिक 50 स्कोर खिलाड़ी 50 स्कोर डेविड वार्नर 35 विराट कोहली 24 शिखर धवन 23 केएल राहुल 22 गौतम गंभीर 20।

# एशियाई खेलों से बाहर होने से राष्ट्रीय टीम में वापसी की प्रेरणा मिली

**तीन बार के ओलंपियन राय ने विश्व कप में ऐतिहासिक स्वर्ण जीतने के बाद कहा, '' मैं गुस्से से भरा था लेकिन मैंने खुद को एक और मौका देने का फैसला किया।'' एशियाई खेलों में देश के लिए पदक जीतने वाले इकलौते रिकर्व तीरंदाज राय ने कहा, '' मैं क्वालीफिकेशन में कुछ नियमों के कारण अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम से बाहर हो गया था।''**



**कोलकाता।** तीरंदाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले तरुणदीप राय ने रविवार को कहा कि पिछले एशियाई खेलों की टीम से बाहर होने के बाद वह गुस्से में थे लेकिन उन्होंने इसे दमदार वापसी करने के लिए प्रेरणा की तरह लिया।

तीन बार के ओलंपियन राय ने विश्व कप में ऐतिहासिक स्वर्ण जीतने के बाद कहा, '' मैं गुस्से से भरा था लेकिन मैंने खुद को एक और मौका देने का फैसला किया।'' एशियाई खेलों (ग्वांगझू 2010) में देश के लिए पदक जीतने वाले इकलौते रिकर्व तीरंदाज राय ने कहा, '' मैं क्वालीफिकेशन में कुछ नियमों के कारण अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम से बाहर हो गया था।'' राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव की भारतीय तिकड़ी ने मौजूदा ओलंपिक चौम्पियन दक्षिण कोरिया को पछाड़ते हुए रविवार को यहां 14 साल बाद तीरंदाजी विश्व कप में ऐतिहासिक जीत हासिल की। यह पहली बार है जब तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में भारतीय पुरुष टीम ने कोरिया को शिकस्त दी है। इस जीत से टीम पेरिस ओलंपिक का टिकट हासिल करने के मामले में अच्छी स्थिति में है। चालीस साल के राय 2010 विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के भी सदस्य थे। उस विश्व कप का आयोजन भी शंघाई में हुआ था। तीरंदाजी जैसे सटीक निशाने से जुड़े खेल में शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए खिलाड़ी को अपनी पूर्ण फिटनेस बरकरार रखनी होती है। पुणे स्थित सेना के जवान को पता था कि यह उनके लिए यह मौका 'अभी या कभी नहीं' जैसे है। राय ने फिटनेस हासिल करने के लिए अपनी जीवनशैली में कुछ कठोर बदलाव किया। उन्होंने तीरंदाजी की नियमित अभ्यास के साथ अपने आहार और शारीरिक कसरत पर ध्यान देना शुरू किया। उन्होंने अपने आहार में 60 प्रतिशत फलों को शामिल किया और जिम में अधिक समय देने लगे। राय ने कहा, ''जैसा कि आप जानते हैं जब आपकी उम्र बढ़ने लगती है तो मुख्य मांसपेशियां का लचीलापन और ताकत कम हो जाता है। अगर में शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में विफल रहा तो यह खिलाड़ी के तौर पर मेरे लिए शर्मनाक बात होगी। ऐसे मुझे किसी युवा खिलाड़ी के मुकाबले दोगुना प्रयास करना पड़ता है।'' राय ने पिछले साल एशियाई खेलों से चुकने के बाद दो महीने में 12 किलो वजन कम किया है। उन्होंने दो महीने के लंबे ट्रायल में अच्छे प्रदर्शन के साथ विश्व कप टीम में जगह बनायी। साल 2003 में विश्व चौम्पियनशिप से अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज करने वाले राय ने कहा,''मैं इस समय बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं, जैसे कि मैं अब तक की सबसे अच्छी स्थिति में हूं। मुझमें बच्चों जैसी ऊर्जा है जो मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

# न्यूजीलैंड टीम का ऐलान, केन विलियमसन के हाथों में कमान



**टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान हो गया है। जिसमें ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल की वापसी हुई है। ब्रेसवेल, जिन्होंने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में न्यूजीलैंड की कमान संभाली थी। वहीं टीम की कमान केन विलियमसन के हाथों में दी गई है।**

आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान हो गया है। जिसमें ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल की वापसी हुई है। ब्रेसवेल, जिन्होंने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में न्यूजीलैंड की कमान संभाली थी। वहीं टीम की कमान केन विलियमसन के हाथों में दी गई है। बता दें कि, 2 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी करेंगे। वहीं विलियमसन छठी बार बतौर कप्तान टी20 वर्ल्ड कप में कीवि टीम का नेतृत्व करेंगे। वहीं इस टीम में डेवॉन कॉन्वे की वापसी हुई है, जो चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर हो गए थे। कॉन्वे आईपीएल में सीएसके के लिए खेलते हैं। वहीं न्यूजीलैंड टीम में टिम साउदी और ट्रेंट बोल्ट को भी मौका मिला है। ऐसे में साउदी अपना सातवां टी20 वर्ल्ड कप खेलेंगे। हालांकि, तेज गेदंबाजी ऑलराउंडर काइल जेमिसन और ऑलराउंडर एडम मिल्ने चोट के कारण टीम से बाहर हैं। टी20 वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड की टीम इस प्रकार है– केन विलिमयसन (कप्तान), फिन एलन, डेवोन कॉनवे, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चौपमैन, रचिन रवींद्र, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सेंटनर, मैट हेनरी, ट्रेंट बोल्ट, लॉकी फर्ग्यूसन, जिमी नीशम, टिम साउथी और ईश सोढ़ी।




# दीपिका सेमीफाइनल में, तीरंदाजों के चार पदक पक्के

मां बनने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने कोरिया की जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया। विश्व रैंकिंग में 142वें स्थान पर खिसकी तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने जियोन को 6 . 4 (27 . 28, 27 . 27, 29 . 28, 29 . 27, 28 . 28) से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा। इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155 . 151 से हराया। अब उनका सामना एस्तोनिया से होगा। ज्योति महिला कंपाउंड टीम में भी शामिल है जो बुधवार को फाइनल में पहुंच गई। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं। भारतीय टीम कंपाउंड पुरूष, महिला, मिश्रित और पुरूष रिकर्व टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंची है। ज्योति और वर्मा को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उन्होंने 160 में से 160 अंक बनाकर आस्ट्रेलिया की जॉर्जिया ग्राहम और ब्रेंडन हावेस को आठ अंक से हराया। इसके बाद उन्होंने लक्जेमबर्ग की मारिया श्कोल्ना और जिलेस सेवर्ट को 155 . 151 से मात दी। चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय रिकर्व मिश्रित टीम अंकिता भकत और धीरज बोम्मादेवरा को सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया के लिम और किम वूजिन ने 6 . 0 से हराया।

SPORTS न्यूज़

## फिडे ने विश्व चैंपियनशिप मुकाबले के लिए बोली प्रक्रिया शुरू की, लगभग 80 करोड़ रुपये का बजट रखा

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) को अगर प्रतिभाशाली डी गुकेश और मौजूदा चौंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच विश्व चौंपियनशिप मुकाबले की मेजबानी करनी है तो उसे 80 करोड़ रुपये (9.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक खर्च करने होंगे। यह मुकाबला अस्थायी रूप से 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच निर्धारित है। शतरंज की वैश्विक नियामक संस्था फिडे ने शनिवार को बहुप्रतीक्षित मैच के लिए संभावित बोलीदाताओं से निविदाएं आमंत्रित कीं। एआईसीएफके नवनिर्वाचित सचिव देव पटेल ने गुरुवार को ग्रैंड फिनाले की मेजबानी करने के लिए राष्ट्रीय निकाय की इच्छा व्यक्त की। गुकेश की मौजूदगी के कारण एआईसीएफ इसमें दिलचस्पी ले रहा है। सत्रह साल के गुकेश सोमवार को टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चौलेंजर बने हैं। संभावित बोली लगाने वाले के लिए फिडे द्वारा उल्लिखित बुनियादी मानदंड को पूरा करना होगा। इसमें वैश्विक निकाय के लिए 8.5 मिलियन डॉलर (लगभग 71 करोड़ रुपये) का बजट और 1.1 मिलियन डॉलर (लगभग नौ करोड़ रुपये) की सुविधा शुल्क है। टूर्नामेंट की अवधि 25 दिन की है। फिडे द्वारा प्रदान की जाने वाली कुल पुरस्कार राशि लगभग 2.5 मिलियन डॉलर (20 करोड़ रुपये से अधिक) है जो 2023 में पुरस्कार राशि दो मिलियन डॉलर (लगभग 17 करोड़ रुपये) से बढ़ा दी गई थी। फिडे इस मामले में 31 मई तक कोई फैसला करेगा। पटेल ने इससे पहले पीटीआई से कहा था, ''हम शतरंज की शीर्ष संस्था फिडे के साथ चर्चा के लिए तैयार हैं और हमें यकीन है कि सर्वश्रेष्ठ विश्व चौंपियनशिप का आयोजन भारत में होगा।

## उबेर कपरू अश्मिता, प्रिया-रुति ने भारत को कनाडा पर 2-0 की बढ़त दिलाई

**चेंगदू (चीन)।** अश्मिता चालिहा (विश्व रैंक 53) ने शनिवार को यहां उबेर कप 2024 में राष्ट्रमंडल खेलों की पूर्व चौंपियन कनाडा की मिशेल ली (विश्व रैंक 25) को सीधे गेमों में 26–24, 24–22 से हराया। . प्रिया और श्रुति मिश्रा ने भी जेसलिन चोई और कैथरीन चाउ के खिलाफ अपना पहला मैच 21–12, 21–10 से जीतकर भारतीय महिलाओं को कनाडा के खिलाफ अपने पहले ग्रुप चरण मुकाबले में 2–0 की बढ़त दिला दी। महिला टीम को उबेर कप ग्रुप ए में रखा गया है और कनाडा और 15 खिताबों के साथ आयोजन के इतिहास की सबसे सफल टीम चीन के बाद सिंगापुर से 30 अप्रैल को भिड़ेगी। इस साल की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया टीम चौंपियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद महिला टीम ने उबेर कप 2024 के लिए क्वालीफाई किया।

## एलएसजी बनाम आरआर आमने-सामनेय कब और कहां देखें

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) शनिवार को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 44वें मैच में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) की मेजबानी करेगा। लखनऊ आठ मैचों में पांच जीत के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है, जबकि राजस्थान आठ मैचों में सात जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर है। ओवरऑल मैचअप की बात करें तो लखनऊ और राजस्थान आईपीएल में 4 मैचों में एक–दूसरे से भिड़ चुके हैं। इन 4 मैचों में से लखनऊ ने 1 जीता है जबकि राजस्थान 3 बार विजयी रहा है। लएसजी बनाम आरआर मैच का समयरू मैच शाम 7रू30 बजे शुरू होगा और टॉस मैच से आधे घंटे पहले होगा, यानी 7रू00 बजे एलएसजी बनाम आरआर मैच स्थलरू भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम, लखनऊ। भारत में टेलीविजन पर एलएसजी बनाम आरआर मैच का सीधा प्रसारणरू एलएसजी बनाम आरआर मैच का सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के माध्यम से किया जाएगा। भारत में लाइव स्ट्रीमरू एलएसजी बनाम आरआर मैच की लाइव स्ट्रीमिंग जियोसिनेमा पर उपलब्ध होगी। संभावित इलेवन लखनऊ सुपर जायंट्सरू क्विंटन डी कॉक, केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), मार्कस स्टोइनिस, निकोलस पूरन, दीपक हुडा, आयुष बदौनी , क्रुणाल पांड्या, मैट हेनरी, रवि बिश्नोई, मोहसिन खान, मयंक यादवध्यश ठाकुर। राजस्थान रॉयल्सरू यशस्वी जयसवाल, जोस बटलर, संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), रियान पराग, शिमरॉन हेटमायर, रोवमैन पॉवेल, ध्रुव जुरेल, ट्रेंट बोल्ट, आवेश खान, संदीप शर्मा, युजवेंद्र चहल।

## दिल्ली बनाम मुंबई कुल मिलाकर आमने-सामनेय कब और कहां देखना है

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 43वें मैच में मुंबई इंडियंस (एमआई) की मेजबानी करेगी। दिल्ली नौ मैचों में चार जीत के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर है, जबकि मुंबई अब तक तीन जीत के साथ नौवें स्थान पर है। ओवरऑल मुकाबलों की बात करें तो दिल्ली और मुंबई आईपीएल में 34 मैचों में एक–दूसरे से भिड़ चुकी हैं। इन 34 मैचों में से दिल्ली ने 15 जीते हैं जबकि मुंबई 19 मौकों पर विजयी रही है। डीसी बनाम एमआई आमने–सामने 34 दिल्ली कैपिटल्सरू 15 मुंबई इंडियंसरू 19 डीसी बनाम एमआई मैच का समयरू मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3रू30 बजे शुरू होगा और टॉस मैच से आधे घंटे पहले यानी दोपहर 3रू00 बजे होगा। डीसी बनाम एमआई मैच स्थलरू अरुण जेटली स्टेडियम, नई दिल्ली भारत में टेलीविजन पर डीसी बनाम एमआई मैच का सीधा प्रसारणरू डीसी बनाम एमआई मैच का सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के माध्यम से किया जाएगा। भारत में लाइव स्ट्रीमरू डीसी बनाम एमआई की लाइव स्ट्रीमिंग जियोसिनेमा पर उपलब्ध होगी। संभावित इलेवन दिल्ली कैपिटल्सरू पृथ्वी शॉ, जेक फ्रेजर–मैकगर्क, शाई होप, ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, एनरिक नॉर्टजे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, खलील अहमद, रसिख सलाम मुंबई इंडियंसरू रोहित शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या (कप्तान), टिम डेविड, नेहल वढेरा, मोहम्मद नबी, गेराल्ड कोएत्जी, जसप्रीत बुमराह, नुवान तुषाराध्मोमारियो शेफर्ड

## मयंक यादव के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफखेलने की संभावना

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के सहायक कोच श्रीधरन श्रीराम को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफहोने वाले मैच में स्पीड सेंसेशन मयंक यादव की वापसी की उम्मीद है। श्रीधरन श्रीराम ने शुक्रवार को प्री–मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वह अब गेंदबाजी कर रहे हैं और फिट दिख रहे हैं, लेकिन मैच से पहले हमारा अंतिम परीक्षण होगा, उसके बाद ही हम आरआर के खिलाफउनकी भागीदारी पर फैसला करेंगे। वह एक अद्भुत प्रतिभा है और जहां से वह आता है, वह अच्छी तरह से जानता है कि क्या करना है और क्या नहीं। उनकी लंबाई के मामले में जो गुणवत्ता है, वह इस सीजन के आईपीएल में दूसरों से कमतर नहीं है और उस गति के साथ, उनके खिलाफशॉट खेलना बहुत कठिन है, और यही बात उन्हें विशेष बनाती है। मयंक यादव ने अब तक तीन आईपीएल मैच खेले हैं और छह विकेट लिए हैं, पीबीकेएस और आरसीबी के खिलाफतीन–तीन विकेट लिए हैं। एकाना क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफमैच में यादव को सिर्फएक ओवर फेंकने के बाद मैदान से बाहर जाना पड़ा, जहां उनकी गेंद में उनके ओहदे के मुताबिक धार कम नजर आई। शनिवार को इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जाइंट्स का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा।

## पंजाब किंग्स ने सबसे बड़ा स्कोर चेज कर रचा इतिहास, केकेआर को आठ विकेट से हराया

**कोलकाता।** पंजाब किंग्स ने इतिहास रच दिया है. उसने आईपीएल के 17वें सीजन में सबसे बड़े स्कोर को चेज किया है. पंजाब के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर तय ओवर से पहले बना लिया. पंजाब ने 262 रन के लक्ष्य को मात्र 18.4 ओवर में बना लिया. मैच में जीत होने से पहले आठ गेंद बाकी रह गई. आईपीएल के इतिहास में 262 के स्कोर का पीछा करने में सफलता हासिल की. इससे पहले आईपीएल 2020 में राजस्थान ने पंजाब के खिलाफ 226 रन को चेज किया था. पंजाब के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया. कोलकाता ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 261 रन का लक्ष्य रखा था. इसके जवाब में पंजाब की टीम ने 18.4 ओवर में 2 विकेट खोकर पर 262 रन का स्कोर बना लिया.

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226001 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 226008 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक–अनूप सिंह
मोबाइल नं. 7905289865,9839177720 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।